नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 304   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 11 सितंबर 2022

पेज -3 पर युवाओं को रोजगार देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - तुलिका कर्मा



मुख्यमंत्री का धरमजयगढ़ आगमन पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)**

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, विश्व कम्प्यूटर 07766-299002, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुरः**- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योति कलश**



**601/- रुपये**
**कन्या छूट - 100/- रूपए**

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### कांग्रेस ने भेजा भाजपा अध्यक्ष को नोटिस

**रायपुर** । कांग्रेस ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव को कानूनी नोटिस भेजकर पूछा है कि बताएं कि कब भगवान राम को काल्पनिक बताया? दरअसल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पिछले दिनों एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाये थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों को साव के इन झूठे आरोपों से बहुत वेदना हुई थी। इस संबंध में पार्टी के विधि विभाग के रायपुर के शहर अध्यक्ष अधिवक्ता विजय कुमार राठौर ने अरुण साव को अपने अधिवक्ता डॉ. देवा देवांगन के माध्यम से नोटिसभेजा है।

इस नोटिस में कहा गया है कि आप का एक वक्तव्य 20.08.2022 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है जो इस प्रकार कि ''श्रीराम और श्रीकृष्ण निस्संदेह सबके हैं लेकिन कांग्रेस के वे कभी नहीं हो सकते।

# बिना निर्माण किये लाखों का शासकीय राशि आहरण कर लिये बीरसिंघा सरपंच-सचिव

## पेजल एवं नाली निर्माण के नाम पर लाखों को का गोलमाल

जोहार छत्तीसगढ़

लैलूंगा। विकासखंड मुख्यालय लैलूंगा से मात्र 8-10 किलो मीटर की दूरी पर बसा ग्राम पंचायत बीरसिंघा इस पंचायत में शासकीय राशि का खुलकर गोलमाल हुआ है। ग्राम पंचायत बीरसिंघा में निर्माण कार्य बिना किये ही लाखों रूपये का आहरण सरपंच-सचिव द्वारा किया गया है।



सरपंच-सचिव द्वारा पेजल के नाम पर कई हेण्ड में खनन एवं बोर मशीन लगाने के नाम पर शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया है। बताया जा रहा है इस पंचायत में पदस्थ सचिव, सचिव संघ का अध्यक्ष है एवं विधायक चक्रधर सिदार के भाई के साथ मधुर संबंध है जिसके कारण इनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई जांच या कार्यवाही नहीं होती है। कार्यवाही नहीं होने के कारण इनका हौसला बुलंद होता जा रहा है। बिरसिंघा पंचायत के आश्रित मोहल्ला खुर्सीपारा में पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया गया है लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

शासकीय राशि का दुरूपयोग करते हुए सीसी रोड के दोनों साइड में बिना नाली बनाये ही राशि का आरहण कर लिया है। इस पंचायत में ऐसे कई सीसी रोड है जिनके दोनों ओर नाली का निर्माण होना था लेकिन सरपंच-सचिव बिन नाली बनाये ही शासकीय राशि का बंदर बांट कर लिया है। हम आपको बता दे कि इस पंचायत में सिर्फ नाली निर्माण में ही भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। पेजल के नाम पर तो खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है। बोर खनन एवं बोर मशीन लगाने के नाम पर भी लाखों का गोलमाल किया है। पंचायत में ऐसे कई बोर देखा गया है जिसमें ग्रामीणों द्वारा चंदा वासूली कर बोर मशीन डाला है लेकिन सरपंच-सचिव द्वारा उसमें भी भ्रष्टाचार करते हुए पंचायत द्वारा बोर मशीन लगाना बता कर राशि आहरण किया है। इस पंचायत में ऐसे और भी बहुत घोटाले सरपंच-सचिव द्वारा किया गया है। हम भ्रष्टाचार की परत दर परत खोलते रहेंगे पढ़ते रहिए जोहार छत्तीसगढ़।



## मौसम विभाग का अलर्ट

# दक्षिण छत्तीसगढ़ में हो सकती हैं भारी बारिश




रायपुर । राजधानी में पिछले 5 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण अधिकतम तापमान में थोड़ी सी वृद्धि होने के कारण उमस और गर्मी बनी हुई है.

शुक्रवार को राजधानी के अलग अलग हिस्सों में कुछ देर तक हल्की बूंदाबांदी और छींटे जरूर पड़े हैं बावजूद इसके उमस और गर्मी लगातार महसूस की जा रही है. शुक्रवार को मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर प्रदेश के कुछ जिलों के लिए 24 से 48 घंटे का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. शनिवार को राजधानी में तेज धूप निकली हुई है और सुबह से ही सूर्य की तपिश की वजह से उमस और गर्मी का आलम है. शनिवार को भारी वर्षा का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक बीके चिंधालोरे ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश दक्षिण और ओडिशा के ऊपर स्थित है. इसके साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. यह मौसमी तंत्र अगले 36 घंटे में प्रबल होने की संभावना है. मानसून द्रोणिका जैसलमेर, उदयपुर, जलगांव, रामागुंडम और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर निम्न दाब के केंद्र का मध्य समुद्र तल पर स्थित है. जिसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ ही छींटे पड़ सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ में अब बिजली गई तो तुरंत बताएगी कंपनी

बिना पूछे ही मोबाइल पर उपभोक्ता को भेजा जाएगा मैसेज; कॉल सेंटर से फोन भी आएगा

**रायपुर।** अगर आंधी-तुफान की वजह से खंभा या तार टूटने से बिजली कटी या कोई बड़ा ब्रेकडाउन हुआ तो बिजली कंपनी उपभोक्ता को तुरंत इसकी जानकारी देगी। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने इसके लिए नई सूचना प्रणाली विकसित किया है। यह सूचना सीधे संबंधित उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। कॉल सेंटरों के माध्यम से फोन पर भी यह जानकारी दी जाएगी।



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बताया, जब मौसम की गड़बड़ी या अन्य कारणों से ब्रेकडाउन होता है तो मैदानी अमला सुधार कार्य में व्यस्त हो जाता है। उसके पास उपभोक्ताओं के फोन उठाने का समय नहीं होता। उधर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के प्रभावित होने के कारण बहुत फोन कॉल आने लगते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को समय पर सूचना देने के साधन कम पड़ने लगते हैं। उपभोक्ता कॉल सेंटर में लगातार फोन करते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। अब ऐसा नहीं होगा। मनोज खरे ने बताया कि कहीं भी ऐसा ब्रेकडाउन हुआ तो तुरंत ही उपभोक्ताओं को संदेश भेज दिया जाएगा।

# पितरों की सेवा करने से संतान का होता है भला, पितृ पक्ष आज से

**रायपुर** । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादों पूर्णिमा से 15 दिनों तक पितृ पक्ष प्रारंभ हो रहा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आश्विन मास में परिवारों के मृत पूर्वज/पितर संतानों के पास धरती पर आशीर्वाद देने आते हैं। शास्त्रानुसार पितरों का तर्पण करने से जहां परिवार का कल्याण होता है। वहीं पिंडदान के लिए निर्मित सामाग्री एवं नदियों तालाबों में दिये गये तर्पण से पितर प्रसन्न होते



हैं। अपने पितरों के प्रति श्रद्धाभाव भक्तिभाव प्रकट करने के लिए आज से प्रारंभ हो रहे पितृपक्ष के प्रथम दिन शहर के नदी तालाबों में अपने पूर्वजों को जल तर्पण करने/पिंडदान करने के लिए लोग बड़ी संख्या में सुबह दिखाई दिये। मिली जानकारी के अनुसार 15 दिनों तक तिथिवार घरों में तालाबों एवं नदियों में सुबह सुबह घाटों पर पहुंचकर पितरों के निमित पिंडदान तर्पण का सिलसिला पितृमोक्ष अमावस्या तक जारी रहेगा। ब्राम्हणों को भोजन एवं दक्षिणा देकर लोग अपने पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। महामाया मंदिर के पं. मनोज शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पितरों का ऋण उतारने का पितृपक्ष सर्वोत्तम समय है। विधिविधान से पूजा करने पर पितरों की आत्मा संतुष्ठ होकर अपनी वंशजों को आशीर्वाद देती है। गाय, कुत्तों एवं कौएं को भोजन कराने से पितरों की आत्मा संतुष्ठ होती है। ऐसी अज्ञात आत्माएं जिनके बारे में विधिविधान से मृत कर्म होने की जानकारी नहीं है।

# एम्स के छात्र ने की खुदकुशी

**रायपुर** । राजधानी रायपुर के एम्स में एक छात्र ने खुदकुशी कर ली है। छात्र की लाश हॉस्टल के कमरे में फांसी के फंदे में लटकते मिली है। घटना की सूचना पर पहुंची आमानाका थाना पुलिस ने छात्र के शव को पंचनामा को पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के एम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र शिवम पवार ने आत्महत्या कर ली है।

**बैठक...** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बोले-राम-कृष्ण कांग्रेस के नहीं

# कांग्रेस ने भेजा लीगल नोटिस, कहा-भगवान सिर्फ भाजपा के हैं, ऐसे दस्तावेज दिखाओ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भगवान राम पर कब्जे का राजनीतिक संग्राम शुरू हो गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पिछले दिनों कह दिया कि भगवान राम और कृष्ण कांग्रेस के नहीं हो सकते।

अब कांग्रेस के लीगल सेल ने साव को नोटिस भेजकर उनसे वह दस्तावेज मांगा है जिसमें कहा गया है कि भगवान राम-कृष्ण केवल भाजपा के हैं। 15 दिन में जवाब नहीं देने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने शनिवार शाम को बताया, पिछले दिनों सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने एक बयान दिया था। उसमें उन्होंने कहा था, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। कांग्रेस ने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। अयोध्या में



मस्जिद बनाने का वादा किया था। श्रीराम सेतु को भी कांग्रेस ने काल्पनिक बताया था।

शुक्ला ने कहा कि तथ्य यह है कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी भगवान श्रीराम को काल्पनिक नहीं बताया था। उसके किसी नेता ने अयोध्या में मस्जिद बनाने का कोई वादा नहीं किया था। कांग्रेस ने कभी श्री राम सेतु को भी काल्पनिक नहीं बताया था। हमारे विधि विभाग के पदाधिकारियों ने अरुण साव को कानूनी नोटिस भेजा है। उनसे 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है कि जो आरोप लगा रहे हैं, उसकी प्रमाणिकता क्या है। कांग्रेस के किस नेता ने कब हलफनामा दिया था कि भगवान राम काल्पनिक हैं। कांग्रेस के किस नेता ने अयोध्या में मस्जिद बनाने का वादा कब किया था। कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ता देवा देवांगन ने कहा, यह नोटिस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को मिल चुका है। इसमें हमने वह दस्तावेज मांगे हैं, जिसके आधार पर साव ने कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, अरुण साव कहते हैं कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के कभी नहीं हो सकते। मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों नहीं हो सकते। मैं कांग्रेसी हूं। मैं प्रत्येक दिन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पूजा करता हूं।

**गोवंश को उत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान**

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगी मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना

रायपुर। गोवंश को उत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना की शुरुआत की जाएगी।



पहले चरण में प्रत्येक जिले में एक अथवा दो चिकित्सा वाहनों से यह योजना शुरू की जाएगी। चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत योजना का विस्तार किया जाएगा।

राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए विकासखंडों से लेकर जिला मुख्यालयों तक सर्वसुविधायुक्त शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से शहरी श्रमिक बस्तियों से लेकर दूरस्थ तथा दुर्गम स्थलों में रहने वाले नागरिकों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा रही है।

इसी तर्ज पर अब पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य को आगे बढ़ाते हुए गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी मोबाइल चिकित्सा वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

# डाटाबेस बने तो अपराधियों और अनुदान पाने वाले फर्जी संस्थानों पर लगेगी लगाम

महामारी के दौरान और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल तस्करी में तेज वृद्धि की चेतावनी के खिलाफ रेलवे पुलिस बल भी सक्रिय हो गया है, जिसमें बाल तस्करों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना है। दिसंबर, 2021 में एक नया एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी किया गया, जो रेल पुलिस अधिकारियों से लेकर स्टेशन अधिकारियों तक की विभिन्न जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है।

इस संबंध में नागरिक समाज संगठनों से जुड़े सदस्यों का कहना है कि चीजें काफी स्पष्ट हैं, पर अब भी सुधार की गुंजाइश है क्योंकि इसमें कुछ ऐसे नियम हैं, जो मानवाधिकार उल्लंघन को कम करने के बजाय गोपनीयता के अधिकारों को प्राथमिकता देते हैं। रेलवे स्टेशनों पर भागे हुए, लापता या तस्करी कर लाए गए बच्चों को बाल श्रम के जाल में फंसने से बचाना सरकार और नागरिक समाज की सदैव प्राथमिकता रहा है।

महामारी ने उन बच्चों की संख्या में वृद्धि की है, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या जिनके माता-पिता को महामारी ने गरीबी में धकेल दिया है। इसलिए इसके प्रति और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। जुलाई, 2021 में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने औपचारिक रूप से प्रत्येक बच्चे तक पहुंचने के लिए अपने प्रयासों को आगे बढ़ाया है।

विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रस्तुत फीडबैक के बाद, आरपीएफ ने दिसंबर, 2021 के अंत में रेलवे के संपर्क में रहने वाले बच्चों की देखभाल के लिए एक ताजा एसओपी जारी किया, जिसमें देश भर में रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र की करीबी निगरानी, सभी रेलवे हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया है। साथ ही, इसमें तकनीक के ज्यादा उपयोग की भी बात कही गई है।

आरपीएफ ने अपराधियों को पकड़ने और पीड़ित बच्चों की मदद के लिए चेहरे की पहचान, बायोमीट्रिक रिकॉर्ड और एक ऑनलाइन डाटाबेस के साथ सुरक्षा कैमरों का उपयोग करने की योजना बनाई है। एक रेल अधिकारी के मुताबिक, पहले ही मार्च, 2022 तक रेलवे 840


तकनीक से बाल तस्करी पर अंकुश

**आरपीएफ ने अपराधियों को पकड़ने और पीड़ित बच्चों की मदद के लिए चेहरे की पहचान, बायोमीट्रिक रिकॉर्ड और एक ऑनलाइन डाटाबेस के साथ सुरक्षा कैमरों का उपयोग करने की योजना बनाई है। एक रेल अधिकारी के मुताबिक, पहले ही मार्च, 2022 तक रेलवे 840 स्टेशनों पर सीसीटीवी लगा चुका है।**

स्टेशनों पर सीसीटीवी लगा चुका है। वह बच्चों के अन्य विवरणों के साथ बायोमीट्रिक और उनकी तस्वीरों को रिकॉर्ड करने की भी योजना बना रहा है।

इसके लिए आरपीएफ रेलवे स्टेशनों पर बचाए गए बच्चों का ऑनलाइन डाटाबेस भी तैयार कर रहा है। रेलवे के एक अधिकारी कहते हैं, 2021 के मध्य तक देश के 7,400 रेलवे स्टेशनों में से केवल 132 में ही नियमित चाइल्ड हेल्पडेस्क था। हमारे पास 1,000 प्रमुख स्टेशन हैं, जिनमें कम से कम 202 स्टेशन सर्वाधिक व्यस्त और भीड़-भाड़ वाले हैं। ऐसे में हमें हेल्पडेस्क नेटवर्क को प्रभावी बनाने के लिए विस्तार की जरूरत है। आधार डाटाबेस भागे या लापता बच्चों के परिवारों का पता लगाने में महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। फिर भी नागरिक संगठनों को एक अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को बचाने के लिए काम करने वाली संस्था जीवोदया के एक अधिकारी ने कहा, %हमारा अनुरोध है कि इस संबंध में एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाई जाए, ताकि कोई भी प्राधिकरण या सरकारी एजेंसी ऐसे बच्चों के आधार डाटा तक पहुंच सके, इससे बच्चों का विवरण ढूंढना आसान हो जाएगा और हम बच्चे को कहीं से भी बचा पाएंगे। संस्था के एक अन्य प्रतिनिधि ने कहा, एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए, जो बच्चे को चाइल्ड केयर संस्थान में भेजे जाने से पहले या एक नया आधार कार्ड तैयार होने से पहले, निश्चित दिनों के भीतर बच्चे के संपूर्ण विवरण की जांच करने का अधिकार रखती हो। नागरिक समाज के एक सहयोगी ने बताया कि परिवारों के साथ बच्चों को फिर से जोड़ने या नया आधार कार्ड बनाने के लिए कुछ दिनों के भीतर आधार-आधारित खोजों को अनिवार्य करने से ऐसे अविश्वसनीय चाइल्ड केयर संस्थानों पर भी लगाम लग सकती है, जो केवल अनुदान पाने के लिए तस्करों से बच्चों को छुड़ाने का आधा-अधूरा कार्य करते हैं।

मामूनी दास

## संपादकीय

### सुधर रही हैं क्षेत्रीय पार्टियां!

देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आता दिख रहा है। अब तक मनमाने तरीके से काम करने वाली प्रादेशिक पार्टियां सुधर रही हैं। अभी तक सिर्फ चुनिंदा राष्ट्रीय पार्टियों के बारे से यह उम्मीद की जाती थी कि वे पार्टी संविधान और लोकतंत्र के बुनियादी नियमों से काम करेंगे। बाकी क्षेत्रीय पार्टियों के बारे में यह धारणा थी कि वहां कोई संविधान वगैरह नहीं होता है। यह भी धारणा थी कि वे मनमाने तरीके से काम करते हैं, एक ही परिवार के सदस्यों को हर चीज मिलती है, एक जाति का वर्चस्व होता है, सत्ता मिलने पर उसका दुरुपयोग होता है आदि आदि। लेकिन अब इसमें बदलाव आ रहा है।

एक एक करके तीन बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों ने अपने लिए आचार संहिता बनाई है और पार्टी के नेताओं को उनका पालन करने को कहा है। पंजाब में कई बार सरकार चला चुकी अकाली दल ने अपनी पार्टी के लिए आचार संहिता बनाई है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सुखबीर बादल ने इसे जारी किया है। इसमें सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि उन्होंने एक परिवार में एक टिकट का नियम बनाया है। सवाल है कि क्या बादल परिवार इसका अपवाद होगा? अभी सुखबीर और उनकी हरसिमरत कौर बादल दोनों लोकसभा के सांसद हैं। अकाली दल ने यह नियम भी बनाया है कि पार्टी के सांसदों, विधायकों के परिवार के सदस्यों को बोर्ड और निगम में जगह नहीं मिलेगी। यह भी तय किया गया है कि कोई भी नेता लगातार दो से ज्यादा बार अध्यक्ष नहीं रह सकता है। पार्टी ने युवाओं और महिलाओं को 50 फीसदी टिकट देने का भी फैसला किया है।

## ब्रिटिश सिनेमा में मिल जाएंगी दुनिया की चुनिंदा बेहतरीन फिल्में, क्या आपने देखी?

*अगर फिर पूछूं किस देश में बनी फिल्में हैं तो शायद सब लोग सही उत्तर नहीं दे पाएंगे। असल में अंग्रेजी भाषा में अमेरिका के अलावा भी कई देशों में फिल्में बनती हैं। वे तकरीबन हर उस देश में बनती हैं जो कभी ब्रिटिश उपनिवेश था। इसी नाते भारत में भी इंग्लिश भाषा में फ़िल्में बनती हैं। अपर्णा सेन की '36 चौरंगी लेन', प्रदीप कृष्ण की 'इन व्हिच एनी गिव्स इट दोस वन्स', 'इलैक्ट्रिक मून', देव बेनेगल की 'इंग्लिश, अगस्ट', मिलिंद सोमन की 'ए माउथफुल ऑफ़ स्काई' ऐसी ही कुछ फ़िल्में हैं।*

ऊपर जिन फ़िल्मों का नाम लिखा है वे न तो भारत में बनी हैं और न ही अमेरिका में। वे अंग्रेजी भाषा के मूल देश ब्रिटेन में बनी फ़िल्में हैं। 'गांधी' फिल्म जिसके हम सब प्रशंसक हैं वह भारत के विषय में होते हुए भी बनी ब्रिटेन में है। अगर हम ब्रिटेन की सिनेमा इतिहास को देखें तो यहां भी प्रारंभ में मूक फिल्में बनीं।

एक सूत्र के अनुसार दुनिया की पहली चलती-फ़िरती तस्वीर लुई ले प्रिंस ने 1888 में लीड्स में ली थी और पहली मूविंग पिक्चर लंदन के हाइड पार्क में 1889 में सेल्युलाइड डेवलप हुई थी और इसका अन्वेषक विलियम फ़्रेसे ग्रीन था जिसने 1890 में इसका पेटेंट भी करा लिया था।

यूरोप का इतिहास प्रथम विश्वयुद्ध के पहले और बाद में बिल्कुल भिन्न है। ब्रिटेन का इतिहास भी, ब्रिटेन का फिल्म इतिहास भी। 1900 तथा 1914 के बीच ब्रिट्रिश सिनेमा तेजी से फ़ला-फूला। पहले जहां फ़िल्म चर्च या म्युजिक हाल में दिखाई जा रही थी, अब उसके लिए जगह-जगह विशेष थियेटर हाल बने। वहां के फिल्म निर्माताओं तथा निर्देशकों ने ब्रिटेन फिल्म इंडस्ट्री का निर्माण किया उसे खूब मजबूत बनाया। बीसवीं सदी के प्रथम दशक में लंदन और इसके आस-पास करीब 30 फिल्म स्टूडियो स्थापित हुए।

विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया



जब हम इंग्लिश फिल्मों की बात करते हैं तो ज्यादातर हमारे मन में हॉलीवुड की फिल्में ही होती हैं, हॉलीवुड माने अमेरिकन फिल्में। अगर मैं इन फिल्मोंङ्क 'द ब्रिज ऑन द रिवर क्वाई', 'ओर्लेंडो', 'द लेडी वेनिशेस', 'ग्रेट एक्स्पेक्टेशन्स', 'डॉक्टर जिवागो', 'सेंस एंड सेंसिबिलिटी' के नाम लूं तो आप तत्काल कहेंगे कि ये इंग्लिश में बनी फिल्में हैं।

### फिल्मों में बढ़ने लगा निवेश

लोग इस उद्योग में रकम निवेश करने लगे। फिल्म के बढ़ते क्रेज ने साहित्य के लिए खतरा पैदा कर दिया। कुछ लोगों को लगने लगा कि अब साहित्य के दिन लद गए, क्योंकि सिनेमा में नए पन के कारण लोगों पर उसका प्रभाव था, वह लोगों को आकर्षित कर रहा था। लोग समय बिताने और मनोरंजन के लिए सिनेमा की ओर जा रहे थे। डर था कहीं लोगों की पढ़ने की आदत छूट न जाए। सिनेमा ब्रिटेन की संस्कृति में प्रमुखता से हस्तक्षेप कर रहा था। प्रेस भी इसे प्रमुखता से स्थान दे रहा था। इस समय ब्रिटेन की सिनेमा में कॉमेडी की बहुलता थी। 1916 तक फिल्मों को 'फोटो-प्ले' कहा जा रहा था। मगर जल्द ही यह सारा कुछ घटने लगा, अमेरिकी फिल्मों ने ब्रिटिश फिल्मों से बाजी मार ली। ब्रिटेन का दर्शक अपनी फिल्मों की अपेक्षा अमेरिकी फिल्में अधिक पसंद करने लगा। पहले ब्रिटेन में सालाना करीब 150 फिल्म बना रहे थे अब घट कर यह 40 फिल्म सालाना पहुंच गई। रही-सही कसर प्रथम विश्वयुद्ध ने पूरी कर दी। ब्रिटिश सरकार को सिनेमा ने अच्छी आमदनी की अपेक्षा थी उसने 1816 में इस पर भी टिकट के मूल्य पर 25-50त्न मनोरंजन टैक्स लगा दिया। जल्द ही उसे इसका प्रतिशत कम करना पड़ा। 1927 में पारित एक्ट के कारण एक बार फिर से ब्रिटेन में फिल्म निर्माण ऊपर उठा। इसी समय वार्नर'स स्टूडियो, फॉक्स'स स्टूडियो की स्थापना हुई। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटिश सिनेमा में साहित्याधारित फिल्मों की बहार थी।

**-डॉ. अनिल प्रकाश जोशी**

## मिला जुला

# कोलकाता में व्यापारी के घर ईडी की रेड, मिला नोटों का पहाड़, कैश गिनने के लिए मंगाई गई मशीनें

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोबाइल एप्लिकेशन धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में कोलकाता में एक व्यापारी के ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों का कहना है कि यह रेड छह स्थानों पर की जा रही है।



बताया जा रहा है परिसरों से कैश का अंबार मिला है।अभी तक सात करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है। काउंटिंग की जा रही है। कैश गिनने के लिए नोट गिनने की मशीनें मंगाई गई हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ईडी अधिकारियों की एक टीम ने बैंक अधिकारियों के साथ शनिवार को कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में कारोबारी नासिर खान के परिसरों में छापेमारी की और सात करोड़ रुपये नकद और संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए। ईडी सूत्रों का कहना है कि छापेमारी चल रही है और बरामद नकदी की सही मात्रा का पता लगाने के लिए कैश काउंटिंग मशीनें लाई गई हैं।

कारोबारी के आवास पर ईडी की छापेमारी के बीच इलाके में केंद्रीय बलों को भारी मात्रा में तैनात किया गया है। यह तलाशी उन कारोबारियों पर चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है जिन पर ईडी को धनशोधन में शामिल होने का संदेह है।

दरअसल, फेडरल बैंक के अधिकारियों ने आमिर खान नामक शख्स समेत अन्य के खिलाफ मोबाइल गेमिंग ऐप के जरिए लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। जिसके बाद मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, मोबाइल गेमिंग ऐप में शुरुआती अवधि के दौरान, लोगों को कमीशन के साथ इनाम के तौर पर लुभाया गया। इससे लोग इस ऐप पर आकर्षित हुए। फिर लोगों ने ज्यादा कमीशन पाने के लिए बड़ी मात्रा में निवेश करना शुरू किया और फिर ऐप संचालकों ने ठगी का खेल शुरू किया।

*कथित धोखेबाजों के तौर-तरीकों का विवरण देते हुए, ईडी ने कहा, फिर लोगों से काफी ज्यादा रकम इकट्ठा करने के बाद, अचानक उक्त ऐप में अपग्रेडेशन के नाम पर निकासी बंद कर दी गई। इसके बाद लोगों की प्रोफाइल जानकारी सहित कई डेटा ऐप सर्वर से हटा दिया गया। तब जाकर लोगों को मालूम हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।*

## ब्रह्मास्त्र को लेकर कंगना का करण पर हमला




**आप झूठ बेचने की कोशिश करते हैं; बेईमानी कर सकते हैं, पर अच्छी फिल्म नहीं बना सकते**

**मुंबई( एजेंसी )।** रणबीर कपूर स्टारर ब्रह्मास्त्र रिलीज हो गई है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस और क्रिटिक्स का मिला-जुला रिस्पॉन्स आया है। अब फिल्म को लेकर कंगना रनोट का रिएक्शन सामने आया है। कंगना ने ब्रह्मास्त्र को दिए गए निगेटिव रिव्यू का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, जब आप झूठ बेचने की कोशिश करते हैं।कंगना ने कहा- करण जौहर हर शो में लोगों को रणबीर-आलिया को बेस्ट एक्टर्स और अयान मुखर्जी को जीनियस कहने को मजबूर करते हैं। लोग धीरे-धीरे इस झूठ पर विश्वास करने लगे। करण ने 600 करोड़ रुपए एक ऐसे डायरेक्टर को दिए, जिसने अपने करियर में एक भी अच्छी फिल्म नहीं बनाई।

**यह अच्छी ईमानदार फिल्म नहीं बना सकते- कंगना**

कंगना ने आगे लिखा, अब उनकी गुटबाजी उन्हीं को ही काट रही है। शादी से लेकर होने वाले बेबी का PR किया, मीडिया को कंट्रोल किया, KRK को जेल में डाला, रिव्यू खरीदे और टिकट भी खरीदे।

## एक नजर

### पद्मविभूषण प्रो. बीबी लाल का निधन

सबसे पहले दिया था अयोध्या में राम मंदिर का पुरातात्विक प्रमाण, पीएम मोदी ने जताया शोक




**वाराणसी।** भारत के प्रख्यात आर्कियोलॉजिस्ट पद्मविभूषण प्रोफेसर बीबी लाल के निधन से काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पुराविद काफी स्तब्ध हैं। उनकी उम्र 101 साल की थी। वह बहुत दिनों से बीमार चल रहे थे। शनिवार को उन्होंने दिल्ली स्थित एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। इनका जन्म झांसी जिला के बैडोरा गांव में 02 मई 1921 को हुआ था। उन्होंने भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक के रूप में सेवा शुरू की।

### मूसेवाला मर्डर केस में फरार शूटर मुंडी समेत 3 अरेस्ट



पंजाब पुलिस ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में फरार शूटर दीपक उर्फ मुंडी और उसके दो साथियों कपिल पंडित और राजिंदर को गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी। ये लारेंस बिश्नोई गैंग के बताए जा रहे हैं।

## रिसर्च-इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनेगा भारत

नई दिल्ली( एजेंसी )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में शनिवार को सेंटर-स्टेट साइंस कॉन्क्लेव का वर्चुअली उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब ज्ञान-विज्ञान से हमारा परिचय होता है।


*पीएम मोदी ने साइंस कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन; कहा- देश की इंडेक्स रैंकिंग में भी हो रहा सुधार*

तब संसार की सभी संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। सॉल्यूशन और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। PM के मुताबिक भारत की इंडेक्स रैंकिंग में भी सुधार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार विज्ञान आधारित विकास की सोच के साथ काम कर रही है। 2014 के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश में काफी वृद्धि की गई है। सरकार के प्रयासों से आज भारत इंटरनेशनल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है, जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था। उन्होंने आगे कहा- 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र के विकास को, हर राज्य के विकास को गति देने का सामर्थ्य है।

### जोधपुर में गृह मंत्री अमित शाह

## मैं सतीश पूनियां पर नाराज था कि इतनी धूप में कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाने की क्या जरूरत थी

**जोधपुर/जैसलमेर।** मारवाड़ में भाजपा की चुनावी तैयारियों को गति देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह जोधपुर आए हैं। यहां ओबीसी मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने के बाद वे रावण का चबूतरा में हो रहे बूथ सम्मेलन में पहुंचे हैं। यहां उनका राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया गया। यहां उन्होंने जोधपुर संभाग से आए बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। शाह बोले मैं सतीश पूनियां पर नाराज था कि इतनी धूप में कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाने की क्या जरूरत थी। शाम को या सुबह बुलाते। सम्मेलन में आए मारवाड़ के सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम करता हूं।



**17.67 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास**

उन्होंने कहा- आज कांग्रेस की सरकार ने राजस्थान को विकास की दौड़ में पीछे कर दिया है। बूथ सम्मेलन में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जमकर तालियां बजाई। राजे ने जसवंत सिंह जसोल समेत भाजपा के पुराने नेताओं को याद करते हुए कहा- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबको साथ लेकर चलने का काम किया। बूथ कार्यकर्ताओं के लिए बोलीं- इनकी मेहनत के कारण ही हम राजस्थान में 200 विधानसभा सीटों में से 163 सीट जीतकर आए थे।

BJP प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां बोले- शाह और मोदी का आभार भूल नहीं सकता। राजस्थान मोदी का एहसान भूल नहीं सकता। राजस्थान का किसान अपने खाते में पैसे पाकर खुश है। हिंदुस्तान में मोदी के नेतृत्व में यूक्रेन से मेडिकल स्टूडेंट को निकाला। यह राजस्थान अब शांति का प्रतीक नहीं अपराध का गढ़ बन चुका है।



# भाषण प्रतियोगिता रंगोली और पोस्टर मेकिंग कर दिया आत्महत्या रोकथाम का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।



जिले में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष में जिला चिकित्सालय में नर्सिंग कॉलेज की छात्र छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता, रंगोली और पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नर्सिंग छात्र-छात्राओं को गतिविधि के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और भविष्य में आने वाली परेशानियों को हल करने में निडरता के साथ तत्पर रहना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सिंह कहा अगर कोई व्यक्ति लंबे समय से हीन भावना से ग्रसित है। मन में किसी भी प्रकार की निराशा हों तो व्यक्ति के मन में जीवन समाप्त करने का विचार आ सकता है। तो वह एक मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। मानसिक अस्वस्थता के कारण ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है। उचित परामर्श और चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इसका उपचार किया जा सकता है। जीवन समाप्त करने को रोका जा सकता है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.शशि तिर्की ने कहा लोग छोटी-छोटी बातों से परेशान और निराश होकर जीवन समाप्त करने जैसे कदम उठा लेते हैं। जिंदगी में हर समस्या का समाधान संभव है। इसलिए जीवन समाप्त जैसे कदम न उठाकर समस्या के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.राजेश पैंकरा ने बताया इस वर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का थीम क्रिएटिंग होप एक्शन हैं। जिले में 06 सितंबर से 12 सितंबर तक आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आत्महत्या का रोकथाम करना है।नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के मध्य कराए गए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शोभा एवं नीलम का रहा। वहीं दूसरे स्थान पर दिव्या। और तृतीय स्थान पर भारती काशी रही। रंगोली प्रतियोगिता में आईएनआरसी। कॉलेज के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त किया। वी एम कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या,शोभा, नीलम, दूसरे स्थान पर अंजुम, पुष्पांजलि, एवं तृतीय स्थान पर सविता, प्रीति रही। कार्यक्रम में मेट्रन सिस्टर सुषमा अर्गल एनर्सिंग सिस्टर दिलेसरी लकड़ा, वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं आईएनआरसी कॉलेज सूरजपुर के टीचर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इन कार्यक्रमों का आयोजन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सूरजपुर के साइकोलॉजिस्ट सचिन मातुरकर, सोशल वर्कर प्रियंका, साइकेट्रिक नर्स नंदकिशोर वर्मा, कम्यूनिटी नर्स मनोज कुमार के सहयोग से किया गया।




## एक नजर

### डाक विभाग के पत्र लेखन प्रतियोगिता में 31 अक्टूबर तक भेज सकते हैं पत्र

**जगदलपुर** । भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को हजारों के ईनाम प्रदान किये जायेगें। पत्र लेखन का विषय है, विजन ऑफ इंडिया 2047 इसमें भाग लेने के लिए ए-4 आकार के पेपर (लिफाफे में भरकर) या अंतर्देशीय पत्र पर लिखा जा सकता है। पत्र अंग्रेजी /हिंदी / क्षेत्रिय भाषा में लिखा जा सकता है। पत्र को 31 अक्टूबर तक मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छग. परिमंडल रायपुर, पिन- 492001 के पते पर प्रेषित किया जा सकता है। पत्र लेखन प्रतियोगिता से सम्बंधित पत्र प्रेषण के लिए समस्त जिला मुख्यालयो में स्थित डाकघरों में विशेष पत्र पेटी लगाई गयी है। इस प्रतियोगिता में दो वर्ग निर्धारित हैं, 18 वर्ष से कम और दूसरी 18 वर्ष से अधिक, 18 वर्ष से कम में अंतर्देशीय पत्र वर्ग (500 शब्दों तक), लिफाफा वर्ग (1000 शब्दों तक) और 18 वर्ष से अधिक में अंतर्देशीय पत्र वर्ग (500 शब्दों तक), लिफाफा वर्ग (1000 शब्दों तक) भेज सकते हैं।

### नवजात शिशु का शव नाले में मिला

**कवर्धा** । राजमहल चौक समनापुर रोड शिव मंदिर के पास नाले में एक अज्ञात नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव के संबंध में आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक लगभग 3 बजे पुलिस को सुचना मिली की समनापुर रोड में नाले में नवजात शिशु का शव है। सूचना पर थाना के स्टाफमौके पर पहुंचे, जहां नाले में एक अज्ञात नवजात अपरिपक्व शिशु का शव मिला है। इस संबंध में आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### गणेश विर्सजन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर फेंका पत्थर, विरोध करने पर की पिटाई मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच

**बिलासपुर** । गणेश विर्सजन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर युवकों ने पत्थर फेंका। इसका विरोध करने पर उन्होंने एक छात्र और उसके साथियों की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरकंडा के रामनगर लिंगियाडीह में रहने वाले जगन्नाथ साहू ने मारपीट की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम वे मोहल्ले वालों के साथ गणेश विसर्जन के लिए छठघाट जा रहे थे। दुर्गानगर चौक के पास लिंगियाडीह निवासी अनुराग और उसके साथी श्रद्धालुओं को पत्थर मार रहे थे।



जगन्नाथ और उसके साथियों अंकित श्रीवास, मुकेश यादव, यज्ञनारायण साहू ने इसका विरोध किया। इस पर युवकों ने उन्हें पत्थर से मारना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने हाथ मुक्के से भी पिटाई की। मारपीट से घायल ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई घायल को छोड़कर भागे आरोपित, दो दिन पुलिस ने किया मामला दर्ज...

**बिलासपुर** । कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश पर युवकों ने मारपीट कर घायल को सड़क किनारे फेंक दिया। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घायल के स्वजन को देकर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की मां ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित युवकों की तलाश कर रही है।



कोतवाली क्षेत्र के कुंदरूबाड़ी करबला में रहने वाली सुधा कश्यप चाय नाश्ता की दुकान चलाती हैं। बुधवार की रात उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनका बेटा निखिल घायल अवस्था में पचरीघाट के पास है। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं। इस पर महिला सिम्स पहुंची। अस्पताल में उनका बेटा निखिल भर्ती था। निखिल ने बतया कि बुधवार की रात वह पचरीघाट की ओर घुमने गया था। वहां पर चांटीडीह बंधु कांप्लेक्स के पास रहने वाला राहुल कछवाहा मिला। उसने पुरानी रंजिश पर गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देकर हाकी स्टीक से मारपीट की। इससे निखिल के सिर और हाथ पैर में चोटे आई। मारपीट के बाद वह घायल को छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। उपचार के बाद महिला ने शुक्रवार को कोतवाली थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## बस्तर जिले में कांजी हाउस गौ वंशों के असामयिक मौत का अड्डा बना - विहिप-बजरंगदल

**जगदलपुर** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल को मिली शिकायत के बाद ग्राम पंचायत तूरेनार मे कांजी हाउस पंहुचकर प्रतिनिधियों ने देखा कि कांजी हाउस में गौ वंश को एक बाउंड्री नुमा जगह में कीचड़ व घुटनों तक पानी भरे स्थान में रखा गया था। बीते कई दिनों से बारिश में भीगते गोवंश वही पड़े रहे, जिसमें भूख-प्यास से तड़प रहे मवेशी एक छोटा बछड़ा भी था, जो कि घायल अवस्था में था, इलाज व चारे अभाव देखा गया। बजरंग दल के प्रतिनिधियों पहल के बाद कांजी हाउस ठेकेदार व सरपंच पहुंचे जिसके इसके पश्चात गोवंश को सूखे स्थान पर लाकर चारे के रूप में पैरा और पानी दिया गया। घायल बछड़े को कांजी हाउस से लगे पशु चिकित्सक ऑफिस के कर्मचारी द्वारा प्राथमिक उपचार करवाया गया। विहिप-बजरंगदल प्रतिनिधियों ने कांजी हाउस की में रखे गये गौ वंशों की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्होने कहा कि बस्तर जिले में कांजी हाउस गौ वंशों के असामयिक मौत का अड्डा बनकर रह गया है। यहां भूख-प्यास से गौ वंशों के मौत होने पर बिना चिकित्सक मुलाहिजा के ही अपने किये कुकृत्यो को छिपाने के लिए गौ वंशों को दफनाया जा रहा है। सरपंच तुरेनार सम्पत ने बताया कि कांजी हाउस के नव निर्माण के लिए प्रशासन को बताया गया है, लेकिन प्रशासन ध्यान नही दे रहा है, वहीं एक स्थानीय निवासी ने बताया कि पशु चिकित्सक गांव में पशुओं के इलाज करने के एवज में पैसों की डिमांड करते हैं।

## मूक मवेशी के साथ क्रूरता, रस्सी से पैरों को बांधा, पानी में डूबने से गाय की मौत

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

**विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम लाफीन खुर्द में एक गाय की डबरी के पानी में डुब जाने से हुई मौत को लेकर ग्रामीणजनों द्वारा तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है।**



दरअसलए अज्ञात व्यक्ति द्वारा गांव के डबरी पार में एक पेड़ के पास उसके दोनों पैरों को मजबूत रस्सी से बांधकर छोड़ दिया गया था। जिससे भूखी.प्यासी गाय खुद को सम्हाल नहीं पाई और लुढकते हुये डबरी के पानी में जा डुबी, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने यह भी आशंका प्रकट की है की गाय को बांधने का काम अगर फसल की रखवाली करने वाले के द्वारा किया गया है तो यह सरासर अनुचित है। क्योंकि गांव में आवारा मवेशियों को रखने के लिये कांजी हाउस होने के बाद भी गांय को सुनसान जगह पर बांध कर छोड़ दिया गया। जो गाय की मौत की वजह बन गई। घटना की जानकारी लेने लाफीन खुर्द पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ से बातचीत में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के कांजी हाउस में बीते साल चारा.पानी के अभाव में दो भैस की भी मौत हो चुकी हैं। यह भी पता चला है कि दो दिन पूर्व ही डबरी पार में ही कुछ और मवेशियों को भी इसी तरह से बांध कर छोड़ दिया गया था जिसे देखकर गांव के लड़कों ने मवेशियों को आजाद कराया था।

जोहार छत्तीसगढ़ ने जब घटना स्थल का जायजा लिया तो वहां पर केवल खून के धब्बे ही नजर आये बाकी गौवंश की खाल निकालकर शेष अवशेष भी मेहर अपने साथ ले जा चुका था। इस बाबत जब सरपंच से संपर्क साधा गया तो उनका साफ कहना था किए मुझे भी इस घटना की कोई जानकारी नहीं दी गई है। फ्लिहाल मैं सरपंच संघ के आंदोलन में शामिल होकर रायपुर में मौजूद हूं। गांव पहुंचने के बाद ही जानकारी लेकर कुछ कह सकूंगा।

## रिटायर्ड पुलिस अधिकारी सहित तीन परिजनों ने एकसाथ किया देहदान

**भिलाई।** राधिका नगर,सुपेला निवासी सिंह परिवार के तीन सदस्यों ने एकसाथ देहदान कर मानवता की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की है ! भिलाई पुलिस विभाग से सेवानिवृत सबइंस्पेक्टर मनोहर सिंह उनकी पत्नी राधिका सिंह एवं बहु रानीबबीता राजकुमार सिंह ने प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से देहदान का संकल्प पत्र जारी किया !

आजादी के अमृत महोत्सव पर निगम चलायेगी स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

## 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर होगा समापन

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के तहत शुक्रवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आजादी के अमृत महोत्सव पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ अमृत महोत्सव 2022 स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा। शुक्रवार को इस संबंध में महापौर श्रीमती सफीरा साहू के अध्यक्षता में परिचर्चा करने बैठक रखी गई। जिसमें निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू ,एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव ,राजेश राय



,मनोनीत पार्षद अमर सिंह ,आयुक्त श्री दिनेश कुमार नाग,स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ,युवोदय के वॉलिंटियर ,राजीव युवा मितान के सदस्य इस बैठक में सम्मिलित हुए । भारत सरकार व राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ अमृत महोत्सव 2022 के तहत शहर में लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विविध स्वच्छता के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।

## संकुल स्तरीय स्काउट गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर संपन्न हुआ

**जगदलपुर** । केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्टेट भारत स्काउट एवं गाइड रायपुर डिवीजन द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय तीन दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर में हुआ, तीन दिवसिय शिविर का समापन 10 सितंबर को किया गया। केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर संकुल के अंतर्गत चार केन्द्रीय विद्यालयों में जगदलपुर, किरंदुल, सुकमा, दंतेवाड़ा से 25 स्काउट्स एवं 15 गाइड्स शामिल हुए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार पॉल, शिविर संयोजक केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर के एसके. वर्मा, प्रशिक्षक स्काउट वी. भारद्वाज, अजय कुमार यादव, अनिल खोब्रागडे, एवं गाइड प्रशिक्षक श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती सुनीता गावंडे, श्रीमती वीवी. नरसिम्हा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## युवाओं को रोजगार देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - तुलिका कर्मा

सीपीआई के जिला सचिव के बयान पर तुलिका कर्मा ने किया पलटवार

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा द्वारा एनएमडीसी में लगातार दो दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में युवा बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं जिपं अध्यक्ष के धरना प्रदर्शन को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव भीमसेन मंडावी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस धरना प्रदर्शन को वोट बैंक व भोले-भाले आदिवासियों को फुसलाने का आरोप लगाया है। इस बयान पर पलटवार करते तुलिका कर्मा ने कहा कि सीपीआई के पेट में दर्द होना लाजमी है क्योंकि हमेशा एनएमडीसी का घेराव सीपीआई ही करती आई है। सीपीआई आंदोलन तो करती है पर उसका परिणाम कभी सामने नहीं आया। आज सभी युवा जागरूक होकर अपना हक मांग रहे हैं तो उन्हें



**आंदोलन में युवाओं की भागीदारी देखकर सीपीआई के पेट में हो रहा दर्द**

डर सता रहा है कि उनकी पूछपरख कही कम ना हो जाए। तुलिका ने कहा कि लाल पानी से सबसे ज्यादा प्रभावित यही वो 12 पंचायतें हैं, जहाँ के युवा आंदोलन में शामिल है। हमेशा इन्हें मुआवजे के नाम थोड़ी बहुत राशि दी जाती है पर इस बार उन्हें एनएमडीसी लेबर सप्लाई में भर्ती दिलाकर भरपाई की जाएगी। भीमसेन मंडावी आंदोलन की लोकप्रियता से घबरा गए हैं, इस कारण वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। जिपं अध्यक्ष ने आगे कहा कि आदिवासियों के साथ छलावा कौन कर रहा है और कितने सालों के करते आ रहें हैं यह बताने की जरूरत नहीं है। जब भी कोई आंदोलन आदिवासियों के हित में होती है तो सीपीआई उसे दबाने का प्रयास जरूर करती है। मगर हम डरेंगे नहीं बल्कि अब दोगुनी ताकत से आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। रही बात एन एम डी सी में एल वन व एल टू में भर्ती प्रक्रिया का तो सरकार की पहल पर ही प्रशासन द्वारा कोचिंग की व्यवस्था की गई। जिसके फलस्वरूप दंतेवाड़ा जिले के 95 प्रतिशत से भी ज्यादा युवाओं की भर्ती बचेली व किरन्दुल में हुई है।

## संभाग स्तरीय हैंडबाल प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ

महासमुंद का दबदबा सभी वर्गों में बरकरार

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



शहर के मिनी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में महासमुंद टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए सभी वर्गों में जीत हासिल की। शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संभाग स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगता का आयोजन महासमुंद स्थित मिनी स्टेडियम में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, डीईओ एस चंद्रसेन, नंदकुमार सिन्हा व सतीश नायर थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है और खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। खेल-खेलने से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। वहीं खिलाड़ी देश व प्रदेश में भी खेलने के लिए जा सकते है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने व्यस्त समय में से थोड़ा बहुत समय खेलों आदि में भी लगना चाहिए। एक खिलाड़ी गांव स्तर पर खेलकर राष्ट्रीय स्तर तक की ऊंचाइयों को छू सकता है जिससे माता-पिता का नाम तो रोशन होता ही है। वहीं अपने देश व प्रदेश का नाम भी रोशन करता है। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में फ इनल मैच धमतरी महासमुंद के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 09-05 से विजयी रही। 17 वर्ष बालक वर्ग में फ इनल मैच महासमुंद रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 15-08 से विजयी रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में फ इनल मैच महासमुंद रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 24. 14 से विजयी रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अंजलि बरमार ने किया। इस अवसर पर नीलमणि चंद्राकर, गौरव जानी चंद्राकर, रुपेश महिलांग, हीरेंद्र साहू, अंजनी साहू, कमलेश यादव, सुखचौन वर्मा, जमाल बाबू,कोमन निषाद, खिलेंद्र साहू, गोपाल साहू सहित निर्णायक प्रमेश खरे क्रीड़ा अधिकारी रावतपुरा महाविद्यालय, कपिल पेदरिया, मनीष चंद्राकर, अजय ध्रुव, धनंजय चेलक, कोनेने अहमद, सागर यादव, प्रशांत दास, टिकेश्वर साहू, हिमांशु साहू, जयचंद दास, रोशन यादव, आदित्य साहू आदि उपस्थित थे।

# झारखण्ड रीजनल कमेटी सदस्य लालू मोडियम व पत्नी ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रेस विज्ञप्ति किया जारी जिसमें कहा गया कि पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुंदरराज पीए के दिशा निर्देशन में क्षेत्र में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् झारखण्ड रीजनल कमेटी सदस्य लालू मोड़ियाम उर्फसमीर उर्फ अभिषेक पिता लखमू मोड़ियाम उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेद्दाकोरमा नयापारा थाना बीजापुर जिला बीजापुर द्वारा 10 सितंबर 2022 को, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, कलेक्टर बीजापुर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय, कमांडेंट 85वी बटालियन जेव्ही तुसिंग, अति.पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से



प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति के तहत संगठन में धारित पद रीजनल कमेटी सदस्य के पद पर 10. लाख का ईनाम घोषित है। माओवादी संगठन में कई पदों पर रह चुकाए जिसके दौरान झारखंड छत्तीसगढ़ में दर्जनभर घटनाओं में शामिल रहने की दी गई। जानकारी वही आज उसने समर्पण किया आगे बताया कि उनकी पत्नी आत्मसमर्पित महिला माओवादी अनुप्रिया पति लालू मोडियम उर्फ समीर उम्र 20 वर्ष निवासी हाथीबुरु थाना सोनवा जिला पश्चिम सिंहभूम झारखण्ड, जेआरसी झारखण्ड रिजनल कमेटी में बेन के पद पर कार्यरत थी जो वर्ष 2020 से संगठन से जुड़ी थी। गर्भवती होने के कारण कॉन्फ्रेंस के दौरान शामिल नहीं हो पायी दोनों ही दंपति भारत के संविधान पर विश्वास कर समर्पण पुलिस के समक्ष किया। समर्पण करने पर इन्हे उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् रूपये 10000 दस हजार रूपये, नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

## सियान जतन अस्पताल में 32 बुजूर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




बी टी आई रोड स्थित पुराना मलेरिया ऑफि स में संचालित शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक में जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद, डॉक्टर विजय साहू के निर्देश पर प्रत्येक गुरुवार को संचालित होने वाले छत्तीसगढ़ शासन की जन उपयोगी एवं महत्वाकांक्षी योजना सियान जतन क्लिनिक का आयोजन किया गया। इसमें वृद्धजनों हेतु विशेष ओपी डी के अंतर्गत वृद्धों एवं ओ पी डी में आये सभी आयु वर्ग के लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच किया गया। संस्था के प्रभारी डॉक्टर सर्वेश दूबे ने बताया कि बुजुर्गों के रक्त शर्करा, ब्लड प्रेशर का नियंत्रण अति आवश्यक है। ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन के जांच मां पैथोलॉजी के संचालक ललित कुमार चक्रधारी के टीम द्वारा जनहित में नि:शुल्क सहयोग किया गया। इस अवसर पर कुल 32 लोगों का ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। डॉक्टर दूबे ने बताया कि हमारे देश के वरिष्ठ नागरिकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने एवं नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। बुजुर्गों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती है। आज के इस विशेष ओ पी डी में 32 वृद्धजनों स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। इस ओ पी डी को सफल बनाने में डॉक्टर टंकेश्वरी समुंद होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पुष्पा साहू यूनानी चिकित्सा अधिकारी, राजू ढीमर, दिनेश दीवान और हिम्मत सिंह ढीढी का विशेष योगदान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम पंडित देवकीनंदन दीक्षित कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम पढ़ना बढ़ना अभियान के तहत असाक्षर को साक्षर बनाने के लिए के लिए महाअभियान चलाया गया था। जिसमे कोटा विकास खण्ड से संजय रजक बीपीओ/नोडल मास्टर ट्रेनर में मनोज कुमार यादव, बलदाऊ सिंह श्याम,बीना निर्मलकर, कंप्यूटर ऑपरेटर रोशन सिंह कुशरो,अनुदेशक में होरीलाल साहू विवेक साहू, कुमारी कुसुम ध्रुव, दीपक मानिकपुरी को साक्षरता अभियान के तहत संचालित कार्यक्रम पढ़ना लिखना अभियान के तहत पढ़व कतको बेर कोनो मेर में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर स्मृति चिन्ह एवम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों के लिए अब 15 तक जमा होंगे आवेदन

**कवर्धा** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के लिए चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए कार्यपालक अध्यक्ष नालसा के निर्देशानुसार प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। प्रदेश के 18 जिलों में से जिला कबीरधाम में भी अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

कबीरधाम जिला विधिक प्राधिकरण सचिव श्री अमित प्रताप चंद्रा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम में चीफ लीगल एड काउंसिल के एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के एक पद एवं अस्सिटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के दो पद स्वीकृत है। निर्धारित मानदण्डों को पूर्ण करने वाले इच्छुक अधिवक्तागण दिनांक 15 सितम्बर 2022 के शाम 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से अपने आवेदन विहित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित बंद लिफाफे में जमा करना होगा या प्रेषित कर सकते है।

## गणेश विसर्जन से लौट रही ट्रेक्टर पलटी, 1 की मौत, 1 गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

ग्राम मुदैना के पास शुक्रवार रात गणेश विसर्जन के बाद आ रहा ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 6708 से ग्राम मुदैना के गणेशोत्सव समिति वाले प्रतिमा विसर्जन कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर सृष्टि स्टोन के पास पलट गया जिससे इंजन में सवार मुढ़ना निवासी हेमंत यादव 25, गंभीर रुप से घायल हो गया जिससे



उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्राली में दूसरी ओर बैठा नोहर सिंग ;25 गंभीर रुप से घायल हो गया उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की वजह चालक की लापरवाही बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच की बात कही है।

## शातिर चोर चांदी के सिक्का के साथ गिरफ्तार

**भिलाई** । सुपेला थाना पुलिस ने चांदी के सिक्का के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 नग चांदी का सिक्का जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुपेला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति इस्लाम नगर में चांदी के सिक्के बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी इमरान अहमद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो नग चांदी का सिक्का जब्त किया है। जिसकी कीमत 14 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## एक नजर

### विसर्जन के दौरान दो पक्ष भिड़े, कांउटर केस दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

गणेश विसर्जन के दौरान पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मामले में कांउटर केस दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 6 नयापारा निवासी प्रीति देवार ने बताया कि दानू देवार सहित 3 अन्य लोगों ने उनके साथ पुराने विवाद को लेकर अश्लील गाली.गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इधर, दूसरे पक्ष से वार्ड 4 ईदगाह भांठा निवासी बजरंग देवार ने पुलिस को बताया कि उमराव देवार सहित 3 अन्य ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पहले पक्ष की शिकायत पर धारा 294, 323, 506, 34 और दूसरे पक्ष की शिकायत पर धारा 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### बीएलओ के पद पर सुधा रात्रे की पुर्नः नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे को बीएलओ के पद पर पुनः नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि एक माह पूर्व 8 अगस्त को एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे को बीएलओ के पद से हटा कर उसके स्थान पर किसी अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पदस्थ कर दिया था। जिससे नाराज जिलेभर की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ के पद से सामूहिक त्याग पत्र दे दिया था। पिछले एक माह से निर्वाचन का काम बंद होने से जिला प्रशासन पर लगातार दबाव बनता चला जा रहा था। शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से सुधा रात्रे को पुनः बीएलओ के पद पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है।

### मजदूर महिला के घर चोर ने बोला धावा, सिलेण्डर, साड़ी, सिक्के, रूपये और चांवल पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

एक मजदूर महिला के घर से अज्ञात ने साढ़े तीन हजार रुपए का सामान पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को सोनापुटी निवासी वृद्ध मजदूर महिला देवंतीन साहू ;75, ने बताया कि वे 2 सितंबर को छोटी बहन के घर ग्राम कोल्दा गई थी। 7 सितंबर की सुबह पड़ोसी परमिला यादव ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूट हुआ है। सूचना पर वे घर पहुंचीं तो घर के अंदर रखा एक सिलेंडर, चूल्हा, 50 किलो चांवल, लकड़ी की पेटी में रखा 10 ग्राम चांदी का सिक्का 2 सौ रुपए के सिक्के और दो नग साड़ी गायब थे।

### बिजली खंबे से टकराकर मोटरसाइकिल सवार खाई में गिरा ,हो गई मौत

**कवर्धा।** वनांचल छेत्र कुकदूर थाना क्षेत्र के भाकुर गांव में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि जंगल में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली खंबे से टकरा गया. जिसके बाद युवक खाई में गिर गया. इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने युवक के शव को ग्रामीणों की मदद से खाई से निकाल लिया है. शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया. मामले की जांच जारी है.

मृतक होटल कर्मचारी युवक बालमुकुंद साहू होटल में काम करता है और शनिवार सुबह किसी काम से सारपानी गांव गया हुआ था. वहां से वापस लौटने के दौरान भाकुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से टकरा गई. जिससे युवक की खाई मे गिर कर मौके पर ही मौत हो गई है. शव की पहचान बालमुकुंद साहू उम्र 35 साल के रूप में हुई है.।

### सिंचाई विभाग के अधिकारियो ने किया मांडाभर्री के टेमरागुड़ा एवं बांसपानी नाला का निरीक्षण

**कांकेर** । नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मांडाभर्री में पहाड़ी के पास टेमरागुड़ा नाला एवं बांसपानी नाला के संगम में लघु सिंचाई जलाषय निर्माण हेतु ग्रामीणों के सुझाव पर जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गत दिवस स्थल निरीक्षण किया गया, जिसे जलाषल निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि योजना का प्रारंभिक सर्वेक्षण पष्चात उपयुक्त पाये जाने पर आगामी कार्ययोजना में षामिल किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम के निकट पहाड़ी से आने वाला नाला में वर्षाकाल में अतिवृष्टि के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है फ्लस्वरूप नाला का रेत खेतों में पहुंच जाता है, जिससे फसल को क्षति होती रहती है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज मेरी आत्मा-प्रांत अध्यक्ष रामलाल चौहान

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

पूरे छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले गांड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति की सामाजिक विकास के लिए एवं समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में संगठित रहकर समाज हित में कार्य करने के उद्देश्य से छग प्रदेश गांड़ा समाज के प्रांत अध्यक्ष व पूर्व विधायक रामलाल चौहान के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ के सामाजिक पदाधिकारियों ने 22 मई 2015 को नियमानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के नाम से सामाजिक समिति समिति का पंजीकरण 5322 कराया गया है



जो आज तक पूरी सक्रियता से समाज हित में क्रियाशील है जो पूरे प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर तक छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले गांड़ा जाति के लोगों का एक पहचान और बैनर बन चुका है। गांड़ा समाज के इस संगठन मे पूरे छत्तीसगढ़ के कोने कोने में निवास करने वाले समाज के युवा वर्गों को संगठित रहकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरणा देने वाला एक मात्र प्रदेश स्तरीय गांड़ा समाज का सामाजिक संगठन है।जिस पर हाल ही में कुछ असामाजिक तत्वों के आरोप-प्रत्यारोप एवं समाज के युवा वर्गों को छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज संगठन से विखंडित करने का प्रयास के साथ साथ समाज के युवा वर्गों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास करने वाले चंद चाटुकारएव अपनी निजी स्वार्थ वश अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लालच में समदर्शी सामाजिक ताना.बाना को तार.तार करने वाले समाज विरोधी तत्वों को जवाब देते हुए एक सवाल के जवाब मे प्रांत अध्यक्ष रामलाल चौहान ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज मेरी आत्मा है। एवं छत्तीसगढ़ के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले एक-एक समाज जन को अपना परिवार कहते हुए जीवन के अंतिम सांस तक अपने समाज सेवा के साथ-साथ अपने समाज में रहने वाले युवा युवती एवं हर वर्ग के लोगों के सर्वांगीण उन्नति के लिए यह संगठन संकल्पित होने की बात बताई। एवं किसी भी प्रकार की राजनीतिक द्वेश सामाजिक मतभेदों को नजरअंदाज करते हुए उन्होंने आगे कहा की समाज हित ही उनके जीवन का मूल मंत्र है। महासमुंद जिले की उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामों में रहने वाले उड़ीया भाषी गांड़ा समाज जनों के हित के लिए संगठन का आगे रहकर काम करने बात जाहिर करते हुए उन्होंने कहा की इस संगठन में हर प्रकार की सामाजिक विभिन्नता खानपान, रीति, रिवाज, धार्मिक परंपरा,संस्कार,अलग-अलग होने के बाद भी जब गांड़ा समाज के हित की बात आती है तो गांव गांव में रहने वाले समाज के जनमानस को छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज 5322 के बैनर तले अपने अधिकार के लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने हमेशा तत्पर रहने की बात कही। एवं समाज में रहने वाली विविधता ही भारतीय लोकतंत्र की असली पहचान होने की बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे से कटे हुए लोग भी हमारे ही हैं समाज एक परिवार है और परिवार में छोटी मोटी बात को नजरअंदाज कर हमेशा अंत: करण से समर्पण भाव से समाज सेवा करने की अपील करते हुए सभी समाज जन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धार्मिक क्वीज, रस्सी कूद व क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ अयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल व अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा,धार्मिक क्वीज, रस्सी कूद व फलड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन अग्रसेन पब्लिक स्कुल व अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया।




महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन पब्लिक स्कुल में धार्मिक क्वीज व रस्सी कूद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया यह प्रतियोतगिता 14 वर्ष के उपर की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित कि गई थी धार्मिक क्वीज प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया धार्मिक क्वीज प्रतियोगिता धार्मिक प्रश्नों के उत्तर प्रतिभागीयों को लिखने थे रस्सी कूद प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया जिसमें बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया इस अवसर पर अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल सचिव शिव अग्रवाल अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष जयराम बंसल उपस्थित थे अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोजित फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता में 29 बच्चों ने हिस्सा लिया जिसकी टीम बना कर मैच कराया गया । अग्रवाल सभा के मडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया किया 11 सितंबर 2022 को नवयुवक मंच के द्वारा आयोजित किड्स रंग भरो दो वर्ग में अ वर्ग कक्षा 2 री तक के बच्चों क्रे लिए ब वर्ग कक्षा 3री से 5वीं तक के बच्चों के लिए अग्रसेन पब्लिक स्कुल सुबह 10 बजे,चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6वीं से 8वी तक के बच्चों क्रे लिए अग्रसेन पब्लिक स्कुल सुबह 10 बजे, स्पेशल प्रतियोगिता कक्षा 8वी तक के बच्चों क्रे लिए अग्रसेन पब्लिक स्कुल सुबह 11 बजे पेन्टिग प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से बालक बालिकाओं क्रे लिए अग्रसेन पब्लिक स्कुल दोपहर 12 बजे रोलेट्स हॉउजी धीम स्पेशल, सभीं क्रे लिए अग्रसेन पब्लिक स्कुल शाम 5 बजे आयोजित कि जायेगी।



# सुनैना फौजदार के स्टाइल के आगे फींकी हैं बॉलीवुड हसीनाएं

**तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अंजलि भाभी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुईं सुनैना फौजदार रियल लाइफ में बेहद खूबसूरत हैं। स्टाइल के मामले में सुनैना कई हसीनाओं को मात देती नजर आती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।**



सुनैना अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती दिखाई देती हैं, जिसे उनके फैंस दिल खोलकर प्यार देते हैं। आज हम आपको इस रिपोर्ट में अंजलि भाभी यानी सुनैना फौजदार की ऐसी ग्लैमरस तस्वीरें दिखाएंगे, जिसे देख आप मदहोश हो जाएंगे। सुनैना फौजदार का हुस्न देखने लायक है। उनके हर एक पोज पर फैंस का दिल धड़कता है। इस तस्वीर में सुनैना की खूबसूरती देखते ही बन रही है। सुनैना फौजदार की अदाओं को देख फैंस की धड़कनें तेज हो जाती हैं। सुनैना की हर तस्वीर पर कमेंट्स की बाढ़ आ जाती है। सुनैना फौजदार कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती दिखाई देती हैं। सुनैना का बोल्ड अंदाज देख फैंस आहें भरने पर मजबूर हो जाते हैं। सुनैना फौजदार की तस्वीरों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते है। इसी वजह से एक्ट्रेस आए-दिन अपने तस्वीरें डाल फैंस को विजुअल ट्रीट देती नजर आती हैं। सुनैना फौजदार की कोई भी तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही छा जाती हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसाते है। सुनैना फौजदार लाखों दिलों पर राज करती हैं। एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है। सुनैना फौजदार को इंस्टाग्राम पर 8 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। सुनैना फौजदार ने कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई हैं। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में बेहद काम उम्र में कदम रखा था। उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में खुलजा सिम

# योगिता बिहानी ने उर्फी जावेद को भी किया फ़ेल, फैंस हुए हैरान

**जावेद को लोग उनके अलग ड्रेसिंग सेंस होने के वजह पसंद करते है. लेकिन अब उर्फी जावेद को टक्कर देने के लिए एक और हीरोइन आ गयी है. अभी हाल ही में, ओटीटी पर काम कर चुकी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जो बहुत ही वायरल हो रहा है।**



एक फोटोशूट के तहत खींची गईं तस्वीरों में इस एक्ट्रेस ने अपना बेहद बोल्ड रूप दिखाया है. इस एक्ट्रेस ने अपने बदन पर सिर्फ झालर डालकर कई सारे पोज किये. चलिए आपको पूरी स्टोरी बताते है. दरअसल जिस एक्ट्रेस की बात हम कर रहे है उनका नाम योगिता बिहानी है. योगिता बिहानी करण कुन्द्रा और अनिल कपूर के साथ काम कर चुकी हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता और करण ने एएलटी बालाजी पर 'दिल ही तो है' नाम का एक शो किया था जिसके बहुत सारे सीजन आए. योगिता ने अनिल कपूर के साथ नेटफ्लिक्स फिल्म 'एके वीएस एके' में भी काम किया है. आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता बिहानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी

# हैप्पी टीचर्स डे में दिखेंगी राधिका मदान और निमरत कौर



टीचर्स डे पर बच्चों से लेकर फिल्मी हस्तियां भी अपने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हैं। इस मौके पर मैडॉक फिल्म्स ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है जिसका नाम हैप्पी टीचर्स डे है। दिनेश विजान की इस प्रोडक्शन कंपनी ने एक वीडियो के जरिए फिल्म का ऐलान किया। इस फिल्म में अभिनेत्री निमरत कौर और राधिका मदान साथ नजर आएंगी।

मैडॉक फिल्म्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया कि सोमवार से फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। वीडियो से पता चलता है कि फिल्म शिक्षक के पेशे से जुड़ी है। वीडियो शुरू होते ही स्क्रीन पर आपसे एक सवाल पूछा जाता है, क्या टीचर की अपनी जिंदगी नहीं होती? इसके बाद बच्चों के शोरगुल की आवाज के साथ शिक्षकों के प्रति अभद्र बातों की चैट दिखाई जाती है।

राधिका और निमरत स्टारर इस फिल्म का निर्देशन मिखिल मुसाले कर रहे हैं। मिखिल ने परिंदा जोशी के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट और स्क्रीनप्ले लिखा है। फिल्म को दिनेश विजान प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल शिक्षक दिवस के मौके पर आएगी। फिल्ममेकर दिनेश निठारी किलिंग पर आधारित फिल्म बना रहे हैं।

# अदिति शंकर-स्टारर विरुमन 11 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी

निर्देशक एम. मुथैया की सुपरहिट एक्शन थ्रिलर विरुमन, जिसमें अभिनेता कार्थी और अदिति शंकर मुख्य भूमिका में हैं, 11 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। कार्थी और अदिति शंकर के अलावा, इक्का-दुक्का निर्देशक शंकर की बेटी, फिल्म में राज किरण, प्रकाश राज और सूरी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्रकाश राज ने




कहा, मुनियांडी का किरदार निभाना दिलचस्प था क्योंकि वह पूरी तरह से अलग, विपरीत व्यक्ति हैं जिनसे मैं वास्तविक जीवन में हूं। उन्होंने आगे कहा, यह एक अपरिचित क्षेत्र था कि मुझे खुशी है कि मैंने कार्थी और अदिति जैसे मेहनती और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के विश्वव्यापी प्रीमियर के साथ, दर्शकों के पास इसे देखने का एक अच्छा समय होगा। कार्थी ने कहा, प्रकाश सर के बाद से यह एक ऐसा विपरीत अनुभव था और मेरे बीच बहुत ही खुशमिजाज और खुशनुमा तालमेल है। वीरुमन एक ऐसा अनुभव था जो लंबे समय तक मेरे दिल में ताजा रहेगा।

# हश हश से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी जूही चावला और आयशा जुल्का

**आज के दौर में ओटीटी प्लेटफॉर्म मनोरंजन का लोकप्रिय मंच बन चुका है। बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार ओटीटी पर अपनी शुरुआत कर चुके हैं।**



अब 90 की दशक की दो अभिनेत्रियां जूही चावला और आयशा जुल्का जल्द ओटीटी पर अपना डेब्यू करेंगी। ये दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज हश हश में नजर आने वाली हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम ने आज इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की है। अमेजन प्राइम ने सोशल मीडिया पर इस सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। अमेजन प्राइम ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, कुछ शोर करना चाहता था, क्योंकि यह घोषणा का दिन है, लेकिन हम इस मौके पर चुप रहना पसंद करेंगे। हश हश 22 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। यह एक थ्रिलर ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर तनुजा चंद्रा करेंगी। इसे एक महिला केंद्रित सीरीज माना जा रहा है। विक्रम मल्होत्रा के नेतृत्व वाली अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा इस सीरीज का निर्माण किया जाएगा। इसमें जूही और आयशा के अलावा सोहा अली खान, कृतिका कामरा, शाहाना गोस्वामी और करिश्मा तन्ना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सीरीज उन महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है, जिनकी परफेक्ट लाइफ तब खत्म होनी शुरू हो जाती है, जब एक अप्रत्याशित घटना उनके अतीत के रहस्यों को सामने लाती है। इसकी कहानी झूठ, छल और फाइटिंग पेट्रीआर्की को एक्सप्लोर करती है।

## खेल

# वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वातेक और नंबर-5 ओंस जेबुर ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई

*इस बार US ओपन टेनिस ग्रैंड स्लैम के महिला सिंगल्स में नई चैम्पियन मिलेगी। शनिवार रात आर्थर ऐश स्टेडियम में पोलैंड की इगा स्वातेक और ट्यूनीशिया की ओंस जेबुर आमने-सामने होंगी। दोनों खिलाड़ी पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। यह लगातार दूसरा साल होगा, जब साल के इस आखिरी मेजर को नई चैंपियन मिलेगी।*




पिछले साल ब्रिटेन की एमा राडुकानू ने टाइटल जीता था। पांचवीं सीड जेबुर को सेमीफाइनल में फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को हराने में महज 66 मिनट लगे। दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर-1 स्वातेक को बेलारूस की आर्यना सबालेंका को मात देने में दो घंटे से ज्यादा पसीना बहाना पड़ा। जेबुर ने 17वीं सीड गार्सिया को 6-1, 6-3 से मात दी। वे फाइनल में जगह बनाने वाली नॉर्थ अफ्रीकन, अरब और ट्यूनीशिया की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। यह उनका लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। वे विम्बलडन के खिताबी मुकाबले में कजाखस्तान की एलिना रायबकिना से हार गई थीं।

### स्वातेक तीसरे ग्रैंड स्लैम टाइटल के लिए उतरेंगी

*वहीं, पोलैंड की स्वातेक अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम टाइटल के लिए उतरेंगी। उन्होंने बेलारूस की आर्यना सबालेंका से पहला सेट 3-6 से गंवा दिया था। इसके बाद लगातार दो सेट 6-1, 6-4 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली। वे तीसरे सेट में भी 4-2 से पीछे थीं, लेकिन लगातार गेम जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वे पहली बार उस सरफेस के फाइनल में पहुंची हैं, जो लाल और फिसलन भरा नहीं हैं। स्वातेक दो बार लाल बजरी वाला फ्रेंच ओपन जीत चुकी हैं। उन्होंने मौजूदा सीजन में छह टाइटल जीते हैं और फुल फॉर्म में हैं।*

# कोहली ने अनुष्का, वामिका को दिया शतक का श्रेय




**दुबई ।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नाबाद पारी खेलने के बाद इस शतक का श्रेय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका को दिया। कोहली ने पहली पारी के बाद कहा, मैंने बहुत सी चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखा है, और वास्तव में मैं थोड़ा चौंक गया था क्योंकि यह वह प्रारूप था जिसमें शतक आने की मुझे उम्मीद नहीं थी। लेकिन यह सब ईश्वर की कृपा है, मैं कड़ी मेहनत कर रहा था और यह ऐसा पल है जो मेरे और टीम के लिए भी बहुत खास था। कोहली ने कहा, आप मुझे अभी इस तरह यहां देख रहे हैं क्योंकि सभी चीजें जो परिप्रेक्ष्य में रखी गई हैं, वह एक व्यक्ति ने किया है, जो इन सभी कठिन समय में मेरे साथ खड़ी रहीं, वह अनुष्का हैं। यह शतक विशेष रूप से उन्हें और हमारी बेटी वामिका को समर्पित है। कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 61 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की बदौलत 122 रन की नाबाद पारी खेली।

## एक नजर

# कोहली का 'विराट' शो, भारत ने अफगानिस्तान को दिया 213 रनों का टारगेट

**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान ने एशिया कप 2022 में अपने आखिरी मुकाबले में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाजों ने दमदार शुरुआत दिलाई है। विराट कोहली और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 41 गेंद में 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस टूर्नामेंट में राहुल का ये पहला अर्धशतक है। इसके बाद क्रीज पर आए सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह क्लीन बोल्ड हो गए। सूर्यकुमार ने 6 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए फरीद अहमद ने दो विकेट लिए हैं। विराट कोहली अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं।




# टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड से भारत वॉर्म-अप मैच खेलेगा




**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले सभी 16 टीमों के लिये अभ्यास (वॉर्म अप) मैंचों की घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि ये सभी मैच ब्रिस्बेन और मेलबर्न में खेले जाएंगे। पहले दौर की टीमें अपने वॉर्म अप मैच 10 और 13 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और जंक्शन ओवल में खेलेंगी।

सुपर-12 राउंड में सीधे प्रवेश करने वाली टीमें अपने वॉर्म-अप मुकाबले 17 और 19 अक्टूबर को ब्रिस्बेन के गाबा में खेलेंगी, जिसमें भारत भी शामिल है। पहला अभ्यास मैच 10 अक्टूबर को जंक्शन ओवल में वेस्टइंडीज और संयुक्त अरब अमीरात के बीच होगा। स्कॉटलैंड फिर नीदरलैंड और श्रीलंका के साथ एक ही दिन में दो अन्य मैचों में उसी स्थान पर जिम्बाब्वे से खेलेगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 अक्टूबर को खेलेगी। रोहित शर्मा की टीम दो दिन बाद 19 अक्टूबर को न्यूजीलैंड का सामना करेगी। आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप की शुरुआत 16 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम नामीबिया मुकाबले से होगी। भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच का वनडे से रिटायरमेंट का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया के वनडे और टी-20 के कप्तान एरोन फिंच ने वनडे क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने की घोषणा कर दी है। वह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के बाद इस फॉर्मेट को अलविदा कह देंगे। फिंच के रिटायरमेंट की वजह वनडे में खराब प्रदर्शन को माना जा रहा है। वह टी-20 में कप्तानी का जिम्मा संभालते रहेंगे। फिंच को इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी कप्तान बनाया गया है। फिंच की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था।

रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच फिंच का आखिरी वनडे मैच होगा। यह उनके करियर का 146वां वनडे मैच भी है। उन्होंने 54 वनडे मैचों में अब तक टीम की कप्तानी की है। उनके नाम वनडे में 17 शतक है। उनसे आगे रिकी पॉन्टिंग (29 शतक), डेविड वॉर्नर और मार्क वॉ (18 शतक) ही आगे हैं।




फिंच के वनडे क्रिकेट संन्यास की वजह उनका वनडे में खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। फिंच ने वनडे की 7 पारियों में केवल 26 रन बनाए हैं। उन्होंने इस साल खेले 13 मैचों में 169 रन ही बनाए हैं। वहीं पिछली 12 पारियों में 5 पारियों में वह शून्य पर आउट हुए हैं। फिंच ने अब तक खेले 145 वनडे मैचों में 39.14 की औसत से 5401 रन बना चुके हैं।

### मुश्किल समय में संभाली कमान

फिंच ने मुश्किल समय में टीम की कमान संभाली थी।

रोड-सेफ्टी सीरीज, मिस-मैनेजमेंट की के कगार पर

# कानपुर में हो रही क्रिकेट वर्ल्ड सीरीज में बिना किसी शेड्यूल के शामिल हों रही नई टीमे

**कानपुर।** शहर के ग्रीन पार्क में शनिवार से शुरू होने जा रहे रोड सेफ्टी टूर्नामेंट लापरवाही की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। अचानक सीरीज के आयोजकों द्वारा फिर से एक नई सेशन लिस्ट भेजी गई है। जिसमें बांग्लादेश टीम का नाम जोड़ दिया गया। इसके बाद दोपहर बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ी प्रैक्टिस करने मैदान पहुंचे। जो सिर्फ 45 में ही होटल के लिए वापस रवाना हो गए।



शहर में होने वाले मैचों में हो रही मिस-मैनेजमेंट के चलते कई खामियां सामने आ रही है। शुक्रवार सुबह 9 से 12 बजे होने वाली नेट प्रैक्टिस नहीं हो पाई। श्रीलंका टीम को प्रैक्टिस करनी थी। मौसम का मिजाज 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने के कारण प्रैक्टिस शाम तक स्थगित कर दी गई।

शहर में हो रहे मैचों में आयोजन कंपनी की तरफ से जारी नए प्रैक्टिस सेशन शेड्यूल में शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाड़ियों के अभ्यास करने का कोई जिक्र नहीं था इसके बावजूद श्रीलंका की टीम शाम सात बजे ग्रीन पार्क के लिए होटल से रवाना हो गई। इस दौरान मैदान में दक्षिण अफ्रीका और इंडिया की टीम प्रैक्टिस कर रही थी। श्रीलंका की पूरी टीम की बस गणेश विसर्जन के जाम में फस गई।

# सेंदरी बाईपास में रात को कोयला से भरे ट्रेलर और बस की टक्कर से चालक की मौत, दस से अधिक यात्री हुए घायल

बिलासपुर । सेंदरी बाईपास में शनिवार की रात दो बजे बिलासपुर-रतनपुर हाईवे में यात्रियों से भरी बस और कोयला लोड ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इससे अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गया। जिससे चालक की दबने से मौत हो गई।





वही, बस सवार दस यात्री घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोनी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

कोनी पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात दो बजे जय महाकाल स्पेशल बस कोरबा की ओर जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। इसी दौरान दीपका से कोयला लोड कर ट्रेलर चालक बेलमुंडी जा रहा था। बस कोनी थाना क्षेत्र के सेंदरी बाइपास रोड के पास पहुंची थी। इस बीच ट्रेलर चालक भी तेज रफ्तार से चलाते हुए सामने से आ रहा था। बस और ट्रेलर चालक ने रफ्तार पर कोई नियंत्रित नहीं किया। जिससे ट्रेलर और बस की चालक साइड आमने सामने टक्कर हो गई। फिर अनियंत्रित होकर ट्रेलर बीच सड़क पर पलट गया। जिससे चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

बस सवार दस यात्री घायल हैं। इस बीच यात्रियों ने पुलिस की डायल 112 को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। कोनी थाना के 112 की टीम जांच करने घटना स्थल पहुंची। इसके बाद घायल यात्रियों को सिम्स में भर्ती कराया है। मृतक ट्रेलर चालक के शव को कैबिन में दब गया था। पुलिस ने जेसीबी वाहन से ट्रेलर को उठाया। इसके बाद चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स भेज दिया। मृतक ट्रेलर चालक का नाम मिथलेस राम पिता स्व. एमएस राम (50) चेचरिया झारखंड के रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के स्वजन को सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन को सौप दिया जाएगा।

### पुल में ज्यादा चढ़ाव होने के कारण हुआ हादसा

कोनी पुलिस का कहना है कि बिलासपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे सेंदरी के पास पुल का निर्माण किया गया है। मुख्य मार्ग से पुल की ऊंचाई बहुत ज्यादा है। पुल पर चढ़ने के लिए वाहन चालक को स्पीड़ बढ़ाना बढ़ता है। पुलिस को संदेह है कि बस चालक भी पुल पार करने के लिए एक्सीलेटर बढ़ाया होगा। वहीं, रतनपुर की ओर से ट्रेलर चालक तेज रफ्तार से आ रहा था। दोनों चालक आगे बढ़ने के चक्कर में रफ्तार कम नहीं किया और बस और ट्रेलर की टक्कर हो गई।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस इतना लेट पहुंची बिलासपुर की नहीं मिले यात्री

### बिलासपुर से रायगढ़ तक केवल तीन यात्री कर रहे थे सफर

**बिलासपुर।** गोंदिया- रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस की हालत देखकर सभी हैरान रह गए। इस ट्रेन में बिलासपुर से रायगढ़ तक सफर करने वाले यात्रियों की संख्या केवल तीन थी। 20 बोगी की यह ट्रेन पूरी खाली थी। ऐसा नहीं की यात्रियों को इस ट्रेन में सफर करने से परहेज है। दरअसल शुक्रवार को इस ट्रेन के इंतजार में यात्री थक गए। ऐसी स्थिति वैकल्पिक ट्रेन से गंतव्य तक पहुंचे। इससे न केवल यात्रियों को असुविधा हुई, बल्कि रेलवे को राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके बावजूद रेल प्रशासन कोचिंग ट्रेनों के परिचालन को लेकर जरा भी गंभीरता नहीं बरत रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के परिचालन का कोई समय नहीं है। मेल, आजाद हिंद, दूरंतो जैसी ट्रेनें चार से पांच घंटे विलंब से चल रही है। यह स्थिति किसी एक दिन की नहीं, बल्कि बीते कई महीनों से यही स्थिति पर। रेल प्रशासन इस व्यवस्था को चाहे तो



सुधार सकती है। पर वह पहली प्राथमिकता मालगाड़ी को दे रहा है। जिसके चलते इन ट्रेनों को किसी भी स्टेशन में घंटों रोक दी जाती है। गोंदिया से रायगढ़ जाने वाली जनशताब्दी की यही स्थिति थी। शाम 7:35 बजे बिलासपुर पहुंचकर 7:45 बजे रवाना होने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस शुक्रवार की रात 12:52 बजे जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची। प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के अलावा अन्य रेल कर्मचारियों को ट्रेनों की जांच करनी पड़ती है। जांच के लिए जब अमला पहुंचा तो नाजारा देख वह हैरान रह गए। एक कोच में एक यात्री और एक अन्य कोच में दो यात्री ही सफर कर रहे थे।

बाकी पूरी ट्रेन के कोच खाली थे। चूंकि परिचालन करना अनिवार्य होता है। इसलिए इस स्थिति में ट्रेन रायगढ़ तक पहुंची। यह ट्रेन रायगढ़ से वापस गोंदिया के जाती है। मालूम हो कि अहमदाबाद एक्सप्रेस, मेल, आजाद हिंद एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस सभी विलंब से बिलासपुर पहुंची। यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान है। पर उनकी समस्याओं की रेलवे लगातार अनदेखी कर रही है।

## एक नजर

### जिला न्यायाधीश कटकवार ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**कोरबा ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा डी.एल. कटकवार द्वारा पेयजल वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पूजा अर्चना फीता काटकर एवं एसबीआई के पट्टी का अवलोकन कर लोकार्पण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोक कल्याणकारी हेतु विभिन्न योजना चलाया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला न्यायालय कोरबा के प्रथम तल पर अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ता एवं रोज सैकड़ों की संख्या में शहर गांव से आने वाले पक्षकारों को शुद्ध शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वाटर कूलर का स्थापना किया गया है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र भार्गव कोर्ट मैनेजर, अनिल पटेल उपाधीक्षक, दिनेश टेंगवार अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ, प्रकाश टोपनो मुख्य प्रबंधक, प्रसन्न त्रिवेदी मुख्य प्रबंधक विक्रय एवं व्यापार विकास, किरण कुमार लुगुन प्रबंधक, मोहम्मद शाहिद क्षेत्रीय प्रबंधक, संतोष झा खगेंद्र प्रधान देव सिंह सुनील धुर्वे आगा खान प्रवीण कुमार एवं न्यायिक व बैंक कर्मचारी पक्षकारों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

### स्वच्छता पखवाड़ा एवं जागरूकता रैली कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण संजीव झा के मार्गदर्शन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिले में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल गोपालपुर विकासखण्ड- कटघोरा में साक्षरता ध्वज का ध्वजारोहण किया। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन कोरबा एवं प्राचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि हाईस्कूल प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा एवं ग्राम गोपालपुर, बरेड़ीमुड़ा, स्कूलपारा तथा पुनर्वास में विद्यालय के बच्चों द्वारा अनिवार्य शिक्षा, शिक्षा के महत्व एवं जागरूकता हेतु साक्षरता रैली निकाली गई। इस अवसर पर हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार सिंह, व्याख्याता विनोद कुमार साहू, मती पुरानी बंजारे, मती एम. भूमिका राव, वीरभद्र सिंह ठाकुर एवं स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने बगबुड़ा पहुंचकर शासकीय राशन दुकान का किया निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर संजीव झा ने विकासखण्ड कोरबा के ग्राम पंचायत बगबुड़ा पहुंचकर शासकीय राशन दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर झा ने बगबुड़ा में स्थित राशन दुकान में ग्रामीणों को दिये जा रहे खाद्य सामग्री चावल, शक्कर, नमक आदि की वितरण की जानकारी दुकान प्रभारी से ली। उन्होनें ग्रामीणों को दिये जा रहे फोर्टिफाइड चांवल वितरण की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी राशन वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राशन दुकान में खाद्य सामग्री लेने आए ग्रामीणों से राशन की गुणवत्ता तथा समय पर राशन मिलने के बारे में पूछा। कलेक्टर झा ने राशन दुकान में समय पर राशन भण्डारण करने और समय पर हितग्राहियों को सही गुणवत्ता के खाद्य सामग्रियों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दुकान प्रभारी को दिए। कलेक्टर ने शासकीय राशन दुकान निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को वितरण किए जाने वाले चावल, चना, शक्कर, नमक आदि के स्टॉक को भी देखा।

# गारंटी नहीं तो भी बनता है दायित्व कहकर कंजूमर फोरम ने लगाया जुर्माना, मोबाइल का टच स्क्रीन खराब होने मामले में की सुनवाई

**बिलासपुर ।** स्क्रीन टच कांबो के एक सप्ताह में खराब हो जाने पर दोबारा रिपेयरिंग से मना करने के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने मोबाइल दुकान संचालक पर जुर्माना तो लगाया ही है। साथ ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि किसी भी उत्पाद में गारंटी नहीं होने के आधार पर अपने दायित्व से बचने का प्रयास करना सेवा में कमी को दर्शाता है। शिकायत पर दुकान संचालक को कम से कम उसमें किसी कुशल कारीगर से सुधार का प्रयास करवाना था।

मामला पुराना बस स्टैंड के राजीव प्लाजा स्थित रियलमी मोबाइल शाप एबी कम्युनिकेशन का है। हाई कोर्ट कालोनी चकरभाठा रहंगी रोड निवासी संजय साहू पिता एलएल साहू (39) के मोबाइल का टच स्क्रीन खराब हो गया था। उन्होंने 10 जुलाई 2019 को यहां नया कांबो लगवाया। उसकी कीमत 15 सौ रुपये थी। सात दिन उपयोग करने




के बाद टच स्क्रीन 17 जुलाई को काम करना बंद कर दिया। 18 जुलाई को ग्राहक ने दुकान संचालक को मोबाइल दिखाया। लेकिन, दुकान संचालक ने कोई सहयोग नहीं किया गया। उल्टा ग्राहक के साथ दुर्व्यवहार किया।

इससे दुकान संचालक की ओर से सेवा में कमी महसूस की। इसके बाद पीड़ित ग्राहक ने जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत की। फोरम के अध्यक्ष जगदम्बा राय ने मामले की सुनवाई करते हुए दुकान संचालक को टच स्क्रीन कंबो के मूल्य 15 सौ रुपये वापस करने समेत मानसिक क्षतिपूर्ति दो हजार रुपये और वादव्यय एक हजार रुपये लौटाने का आदेश दिया है।

### महत्वपूर्ण है टिप्पणी

आमतौर पर दुकान संचालक किसी सेवा या उत्पाद में गारंटी नहीं होने की बात कहकर बच निकलते हैं। जबकि उपभोक्ता मोटी रकम खर्च के बाद इस उम्मीद में रहता है कि यह इतना टिकाऊ तो होगा ही। दुकानदार भी इस बात को लेकर प्रलोभन देते हैं। बाद में उपभोक्ताओं को निराशा हाथ लगती है। दुकानदार भी गारंटी नहीं होने की बात कहकर बच निकलते हैं। ऐसे में फोरम की यह टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण है।

जेसीआई वामांजलि मना रही है जेसी वीक

# पहले दिन मानवता की सेवा व शक्ति पूजन कार्यक्रम से हुई शुरुआत




रायपुर। जेसीआई रायपुर वमांजलि जोन 9 जेसी वीक मना रहा है।जिसके पहले दिन मानवता की सेवा व शक्ति पूजन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मेकाहारा अंबेडकर हॉस्पिटल कैंसर वार्ड के सामने फूड डिसटीब्यूशन किया गया।इसमें वामांजलि के सभी मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

लगभग 200 लोगों को भोजन वितरित किया गया।टीम मेंबर्स में जेसी वीक प्रोग्राम डायरेक्टर अर्चना द्विवेदी पारुल अग्रवाल,सीमा साहू,रंभा साहू पूजा लीला साहू,जया रेड्डी,आरती तहलियानी, प्रीति शर्मा,जीपीडी.अनीता अग्रवाल को पीडी विजय लक्ष्मी साहू,सुषमा वंजारी सपना सोनी उपस्थित थे। शक्ति पूजन में ऐसी सदस्य महिलाओं का सम्मान किया जाता है। जिन्होंने अपने परिवार और बच्चों के लिए बहुत ही संघर्ष करते हुए अपना काम छोटे रूप में चालू करके अपने कार्य का संचालन खुद कर रही है और अपना परिवार चला रहे हैं।इसमें लीला साहू और सुषमा बंजारी अपना खुद का शॉप और बुटीक चलाती हैं।

# संसार में भ्रम का निवारण और शंकाओं का समाधान अनेकांत से संभव : आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर ।** सन्मति नगर फाफाडीह में ससंघ विराजित आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने शनिवार को धर्मसभा में अनेकांत की व्याख्या की। आचार्य ने कहा कि अव्यवस्था बुद्धि,ज्ञान के विकल्प से आती है,अनेकांत से नहीं आती है। ज्ञाता में सामर्थ्य नहीं है तो विकल्पता आएगी। संसार में भ्रम के रोग का निवारण अनेकांत दृष्टि स्व ही संभव है। कपड़ों में तन ढका रहे लेकिन बुद्धि ढकी न रहे। व्यक्ति बीमार नहीं होता जबकि तन के सर्वाधिक बीमार मन के होते हैं। किसी को आज्ञा देने और किसी की आज्ञा मानने से आदमी बीमार होता है,भ्रम की बीमारी लोक में विशाल है। भ्रम का विनाश हो जाए तो लोक की बीमारी समाप्त हो जाएगी।

आचार्य ने कहा कि तीर्थंकर जिनेश्वर देव ने विश्व धरा को परम सत्यार्थ का बोध प्रदान किया है। संसार में क्लेष को प्राप्त जीव को आत्मसात होने का मार्ग चुनने अनेकांत दृष्टि प्रदान की है। अनेकांत शंका नहीं है,विश्व की शंकाओं का समाधान है। अनेकांत वस्तु व्यवस्था है,अनेकांत अवस्था खड़ी नहीं करता। अनेकांत व्यक्ति की बुद्धि का विस्तार करता है, अनेकांत के अभाव में व्यक्ति की सोच कमजोर होती है।

आचार्य ने कहा कि अनेकांतकवादी सोचता है विश्व में शांति रहना चाहिए,तभी मेरे आत्मा में शांति होगी। केवल जैन होने से जैनियों के बारे में सोचने से काम नहीं चलेगा, रायपुर निवासी होने से रायपुर के बारे में सोचने से काम नहीं चलेगा,आप विश्व के प्राणी मात्र के बारे में अच्छा सोचोगे तभी अच्छे जैनी बन पाओगे।

मोहल्ले का हर आदमी अच्छा होगा तो आप सुख शांति से जी पाओगे। पूरे जंगल में हिरण-हिरण रहे तो कितनी शांति होगी,यदि एक शेर आ जाए तो हजारों हिरणों के हृदय कांप जाएंगे। ऐसे ही कुटुंब,परिवार,देश,राष्ट्र में एक आतंकी जैसे व्यक्ति का भाव आ गया तो वहां रहने वाले कांप जाएंगे।

मुनि सुव्रत सागर जी ने कहा कि जिंदगी का भरोसा नहीं कब तन से प्राण निकल जाए। मृत्यु होना निश्चित है,कोई तंत्र, मंत्र, ज्योतिष रोक नहीं सकता। आप विचार करो किसके लिए आप जोड़ कर रख रहे हो और ऐसा कौन सा द्रव्य है जो आप अपने साथ ले जाओगे, इसलिए जीवन में इतिहास बनाने का पुरुषार्थ मत करो इतिहास बन जाओ। भगवान महावीर ने इतिहास नहीं बनाया लेकिन उन्होंने रत्नत्रय की ऐसी साधना की कि पूरे विश्व में इतिहास बनकर आज विख्यात हैं। जो साधक सब कुछ छोड़ कर रत्नत्रय के मार्ग पर निकल जाता है उसको इतिहास बनाना नहीं पड़ता है, वह जहां कदम रख देता है वही उसका इतिहास बन जाता है। ऐसी साधना हमें करना है, हमें विचार करना है।

मुनि ने कहा कि शराबी की तरह जिंदगी मत जीना। जिसके घर संपत्ति है लेकिन मदिरा की बोतल पीकर नाली में पड़ा है और श्वान उसका मुख चाट रहे हो। जुआरी की तरह जिंदगी मत जीना,जुआरी जुआ खेलता है,घर में जितनी संपत्ति,यहां तक कि वह अपनी पत्नी को भी दांव पर लगा देता है। एक कामी की तरह जिंदगी मत जीना,जो अपनी इज्जत और परिवार के सम्मान को भी दांव पर लगा देता है।

# सफर के महीने में सफर पर निकले

राजनांदगांव। माहे मोहर्रम के बाद सफ़र के महीने की शुरुवात होती है। ईस्लामी कलेंडर का दूसरा महीना सफर या सफर-उल-मुजफ्फर इस बार भी सफर के महीने में मुस्लिम समाज के कुछ प्रमुख लोग मक्का मदीना की जियारत करने निकले है।



सफर पर निकलने से पहले समाज प्रमुख लोगों ने मुस्लिम समाज के दो बच्चे सैय्यद तमरेज अली (12 वर्ष), सैय्यद आवेज अली (10 वर्ष) को कुरान पाक मुक्कमल (पूरा) होने पर दुआओं से नवाजा और फूल माला से बच्चों की हौसला अफजाई की।

### अल-ताज-हज-उमराह-टूर-से

अंजुमन ईस्लाम कमेटी के सदर (अध्यक्ष) हाजी मंसूर अंसारी, उनके साथ हाजी तनवीर अहमद, हाजी शेख मोहम्मद, रसीद खान बेरिंग वाले, अब्दुल कदीर असरफी, शेख नईम कुरैशी, शेख शरीफ भाई सभी 10 सितंबर को दोपहर समरसता ट्रेन से रवाना हुये। मुस्लिम समाज ने फूल-मालाओं से हाजी मंसूर अंसारी और उनके साथियों का स्वागत किया और मक्का मदीना में दुआ की गुजारिश की। उक्त जानकारी सैय्यद अफजल अली ने दी है।

# बिलासपुर पुलिस द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9479200382 में मिली गांजा बेचने वाले की जानकारी, एक युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। गुरुवार को एसपी पारुल माथुर ने जिले में सक्रिय नशे के कारोबारियों और अवैध हथियार रखने वालों की जानकारी देने के लिए वाट्सएप नंबर जारी किया। इसमें शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति चकरभाठा में गांजा बेच रहा है।




इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक किलो गांजा जब्त किया गया है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि जिले में कई जगहों पर नशे का कारोबार किया जा रहा है। वहीं, कई लोग अपने पास अवैध हथियार रखे हैं। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही थी। कई मामलों में समय पर सूचना नहीं मिल पाने के कारण बदमाश बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे निपटने के लिए गुरुवार को एसपी पारुल माथुर ने वाट्सएप नंबर 9479200382 जारी किया है। पुलिस की ओर से इसमें नशे के कारोबारियों और अवैध हथियार रखने वालों की जानकारी देने अपील की है। इसी नंबर पर शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि चकरभाठा बस्ती में रहने वाला शत्रुहन साहू गांजा का व्यापार करता है। इससे युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। सूचना पर चकरभाठा पुलिस ने युवक के ठिकाने पर दबिश दी। पूछताछ में वह जवानों को गुमराह कर रहा था। कड़ाई करने पर उसने गांजा बेचना बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक किलो गांजा जब्त किया है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### सूचना देने वालों की जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

एसपी पारुल माथुर ने बताया कि नशे और अपराध रोकने के लिए लोगों की मदद ली जा रही है। समाज के लोगों की मदद से अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। इसी के लिए पुलिस का वाट्सएप नंबर 9479200382 जारी किया गया है। इसमें मिली सूचनाओं की तस्दीक कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, सूचना देने वालों की जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

# जहां जरूरत पड़ी वहां डटकर खड़ी रही, यह हौसला कोरबा की जनता ने दिया -ज्योत्सना महंत

## अनुमति आदेश के साथ पहुंचीं सांसद का युवाओं व छात्रों ने किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा में चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा जारी 100 सीटों का अनुमति आदेश के साथ कोरबा पहुंची सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं व छात्राओं ने आत्मीय स्वागत किया।



स्व.बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा को मान्यता मिलने उपरांत चिकित्सा शिक्षा प्रारंभ करने की अनुमति मिल जाने पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और उन्होंने जो सपना चिकित्सा शिक्षा के संबंध में देखा था। वह आज पूरा हुआ। कोरबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता से मिलने वाले अपार स्नेह से हमें किसी भी मामले और मुद्दे को पुरजोर तरीके से रखने का साहस मिलता है। मैंने लगातार कोरबा मेडिकल कॉलेज के लिए केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से पत्र व्यवहार व मुलाकात किया और जहां जरूरत पड़ी, वहां डटकर खड़ी रही और यह हौसला कोरबा की जनता ने दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने भी बहुत साथ दिया और एक समन्वित प्रयास से कोरबा ही नहीं बल्कि आसपास के अन्य जिलों के युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महंत ने कहा कि मैं आज मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की अनुमति के साथ कोरबा पहुंची हूं और जल्द ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ करा दिया जाएगा।



### कटघोरा व पाली विधायक सहित एसपी व डीन ने दी बधाई

कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली.तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंहए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, अधीक्षक गोपाल कंवर, सहायक अधीक्षक डॉ. रवि जाटवर ने भी संबोधित कर मेडिकल कॉलेज को मील का पत्थर बताया। आभार प्रदर्शन सिविल सर्जन डॉ. स्वाति सिसोदिया ने किया। सांसद का अभिनंदन भारत नर्सिंग कॉलेजए शासकीय नर्सिंग कॉलेजए सृष्टि नर्सिंग कॉलेज व ओरिएंटल नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों व प्राचार्यों द्वारा भी किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, उषा तिवारी, डॉ.अनमोल मिंज, वेदप्रकाश, जीएस जात्रा, डॉ. सुमी, डॉ. योगिता, डॉ.विभा, डॉ.डीएस पटेल, डॉ.राकेश वर्मा, डॉ.अविनाश थवाईत, सिस्टर राठिया व कोसले आदि भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, मेडिकल एसेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के सदस्य अध्यक्ष के द्वारा 9 सितंबर 2022 को शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा में एमबीबीएस की 100 सीटों के लिए अनुमति का आदेश विभिन्न निर्देशों के साथ जारी कर दिया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के अधीन यह मेडिकल कॉलेज संचालित होगा।

पति स्पीकर, देवर मुख्यमंत्री

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि मेरे पति छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मेरे देवर हैं। कोरबा जिला और संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई भी कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। कोरबा के विकास के लिए विधानसभा अध्यक्ष लगातार प्रयासरत रहते हैं और मेरे द्वारा भी इस मामले में अपने देवर के समक्ष मांग रखी जाती है तो वे उसे भी पूरा करते हैं।

### अमृत जन सेवा समिति को दिया सम्मान

*मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों के परिजन के लिए दोपहर का भोजन नि:शुल्क प्रदान करने वाले अमृत जन सेवा समिति को सांसद महंत ने सम्मानित किया। समिति के एस मित्रा, रीना वर्मा व डी भास्कर तथा टंडन के द्वारा भी सांसद के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। सांसद ने इस दौरान जिला चिकित्सालय में सेवा देने वाले स्वास्थ्य एवं सफ ई कर्मचारियों का सम्मान कर प्रोत्साहित किया।*

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविदा भर्ती : चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी

चयनित अभ्यर्थियों को 20 सितम्बर तक करना होगा कार्यभार ग्रहण

**कोरबा** ।जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये थे। अभ्यर्थियों के डेमो एवं साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी कर दी गयी है। सूची का अवलोकन कोरबा जिले के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट कोरबा डॉट जीओवी डॉट इन पर किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 20 सितम्बर 2022 तक आदेशित संस्था अनिवार्यत: कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया है। इसके अलावा अभ्यर्थी नियुक्ति आदेश की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा से भी प्राप्त कर सकते है।

### वोरा निवास से धूमधाम से हुई विघ्नहर्ता गणेश की विदाई

दिखा छत्तीसगढ़ महतारी का रंग, जगह जगह हुआ स्वागत

**दुर्ग** ।पूरे देश भर में भक्ति भाव एवं उल्लास से मनाया जाने वाला गणेश उत्सव छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत दुर्ग में भी पूरे उत्साह से मनाया गया। लगातार वर्षों से चल रही परंपरा के अनुरूप वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के निवास के सामने भी भगवान गणपति की प्रतिमा की स्थापना इस वर्ष भी की गई थी। कोरोना काल के दो वर्ष में फीके रहे माहौल की जगह इस वर्ष जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सबसे पहले विवेकानंद नगर की महिला समिति कॉलोनी के गणेश की प्रतिमा के साथ छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में विधायक वोरा के निवास पहुंची एवं निवास में विराजमान प्रतिमा के विसर्जन आरती में शामिल होने के पश्चात छत्तीसगढ़ी धुनों पर जमकर डांस किया जिसमें श्रीमती मंजू वोरा ने भी हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में महिलाओं एवं बच्चियों ने भी जमकर समा बांधा। जिसके बाद विसर्जन के लिए झांकियों के साथ जुलूस निकाला गया जिसका जगह जगह चौक चौराहों पर स्वागत एवं आरती हुई। साईं द्वारा पर ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफअहमद के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी एवं स्वागत किया गया इसी तरह गंजपारा में पार्षद श्रद्धा सोनी द्वारा भी महिला टीम के साथ स्वागत आरती हुई। पुलगांव स्थित शिवनाथ तट पर चाक चौबंद व्यवस्था देख विधायक वोरा ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं स्थानीय तैराकों की जमकर सराहना की। विगत वर्षों की लचर व्यवस्था के विपरीत इस वर्ष सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, एसडीआरएफएवं पुलिस की टीम ने नदी तट पर काफी बेहतर व्यवस्था की है। पुलिस कप्तान डॉ अभिषेक पल्लव खुद मौके पर मौजूद थे एवं उन्होंने भी विसर्जन में हिस्सा लेकर गणपति जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी कौशल किशोर सिंह, नंदू महोबिया, महिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष सुमन पांडेय, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, सुमित वोरा, संदीप वोरा, संजीव श्रीवास्तव, गोपाल शर्मा, युंका अध्यक्ष आयुष शर्मा, विवेक मिश्रा, कमलेश शर्मा उपस्थित थे।

### छात्र बीमा दुर्घटना योजना के तहत परिजनों को मिले एक-एक लाख रुपये

**जगदलपुर** ।जिले के ग्राम प्राथमिक साडगुड (अलनार) के आकस्मिक निधन हुए कक्षा 11 वीं के छात्र स्व. राम बिलास की माता मती सोनादई को एक लाख एवं शाउमा. विधालय साडगुड के कक्षा 07 वीं के छात्र स्व. शिवलाल बिसाई की माता कुमारी बिसाई को छात्र बीमा दुर्घटना दावा भुगतान का एक लाख रुपए का चैक प्रदान किया।

विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप आकस्मिक दुर्घटना में मृत छात्रों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, पूर्व में जहां मृत छात्रों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए वर्षों तक चक्कर लगाना पड़ता था, अब हमारी सरकार में तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश प्रदान किया गया है।

### बस्तर संभाग में जारी है लगातार बारिश का सिलसिला

**जगदलपुर** । बस्तर संभाग में शुक्रवार से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ है, और रूक-रूककर जमकर बारिश हो रही है, आज सुबह से घने काले बादल मंडरा रहे थे और दोपहर बाद से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग में गरज-चमक के साथ भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 12 घंटे में जिले के जगदलपुर ब्लॉक में 41.4 मिमी, लोहण्डीगुड़ा में 64.2 मिमी, दरभा 12.6 मिमी, तोकापाल 18.2 मिमी, बास्तानार 48 मिमी, बस्तर 22.2 मिमी व बकावण्ड ब्लॉक में 16.6 मिमी बारिश दर्ज की है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, इसके अगले 24 घंटे में और प्रबल होकर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश-दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर पहुंचने की संभावना है। बस्तर में इसके प्रभाव से ही बारिश हो रही है।

# बालको ने बिजली संयंत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाया

**कोरबा** । वेदांता एल्यूमिनियम समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ;बालकोद्ध अपने पावर प्लांट की दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस. आधारित श्फल्स डेटाश् का इस्तेमाल कर रहा है। मशीन लर्निंगए एडवांस पैटर्न को पहचानने की आधुनिक तकनीक को अपनाया गया है जिससे पावर प्लांट की दक्षता में वृद्धि और उत्पादकता विश्लेषण में सुधार होगा। संयंत्र प्रचालन में ऐसे स्मार्ट ऑटोमेशन के एकीकरण से प्रत्यक्ष मैनुअल हस्तक्षेप को कम करने में मदद मिलेगी साथ ही कार्यक्षेत्र पर कार्यबल की सुरक्षा में सुधार होगा।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने तकनीकी महत्व के दृष्टिकोण पर कहा कि बालको प्रबंधन ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक स्मार्ट तकनीकों को स्थान दिया है। आधुनिक तकनीक हमारे प्रचालन की दक्षताए ऊर्जा के समुचित उपयोगए सुरक्षाए उत्पादनए उत्पादकताए गुणवत्ता और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम करते हैं। व्यवसाय के उत्तरोत्तर विकास की दृष्टि से स्मार्ट तकनीकों का प्रयोग महत्वपूर्ण है जिससे हम संगठन को श्रेष्ठतम उचांई तक लेकर जा रहे हैं। बालको भारत के एल्यूमिनियम की जरूरतों को पूरा करता है और ष्आत्मनिर्भर राष्ट्रष् बनाने में मदद करता है।

डिजिटल और तकनीकी से बिना मानवीय हस्तक्षेप के विश्लेषण और त्वरित निर्णयन में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए.सुरक्षा. बालको के कर्मचारियों और भागीदारों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण बढ़ाने हेतु एक्सटेंडेड रिएलिटी ;एक्सआरद्ध अनुभव क्षेत्र बनाया गया है। सिम्यूलेशन आधारित प्रशिक्षण तकनीक में वर्चुअल रिएलिटीए ऑगमेंटेड रिएलिटी और मिक्स्ड रिएलिटी तकनीकों का मिश्रण है। इसकी मदद से प्रशिक्षण लेने वाले कर्मचारियों को वास्तविक रूप से कार्य क्षेत्र में उपस्थित हुए बिना ही उस कार्य क्षेत्र से संबंधित सुरक्षा के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित होती है।

सिक्योरिटी. बालको ने अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर ;सीएसओसीद्ध की स्थापना की है। सीएसओसी के जरिए घटनाओं की छानबीन के लिए आधुनिक सिक्योरिटी एनालिटिक्सए कार्यस्थल पर तैनात सिक्योरिटी संसाधनों के बीच प्रभावी तालमेल और रणनीतिक सूचनाओं के एकत्रण को प्रभावी बनाया गया है।

तरल धातु परिवहन. रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन ;आरएफआईडीद्ध टैग का उपयोग कर मोबाइल ऐप के माध्यम से संयंत्र परिसर के अंदर तरल एल्यूमिनियम ले जाने वाले वाहनों की आवागमन को ट्रैक किया जाता है।

# बूथ सशक्तिकरण अभियान में रायगढ़ विधानसभा ने भागीदारी की

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में लगातार बड़े कार्यक्रम कर 2023 के चुनाव का आगाज कर दियाएइस कार्यकर्म के तहत पूरे प्रदेश भर के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जोश भरने और आगामी चुनाव के लिए कमर कसने के लिए तैयार करने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा स्वय रायपुर पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष 11 बजे रायपुर पहुंचे और रोड़ शो करते हुए पहले प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे और बाद रोड़ शो करते हुए साइंस मैदान कालेज में पहुंचे,जहां खचाखास भरे कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ जिले से भी हजारों कार्यकर्ता पहुंचे जिसमे प्रमुख रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवम राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी श्रीकांत सोमावार,पूर्व सभापति एवं वरिष्ठ पार्षद सुभाष पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवाल, ऐन ओ प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रतिन्द्र राय,पूर्व पार्षद ज्ञानू मोदी, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक सौरभ चौधरी,पूर्व आई टी सेल जिला कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शर्मा, शान्तनु दुबे, युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री नितीश चौहथा, भूवनेश्वर साहू,आकाश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।



रायगढ़ से श्रीकान्त सोमावार,सुभाष पाण्डेय, रतिंद्र राय भी कार्यकर्ताओं के साथ शिरकत की

भेंट-मुलाकात की तैयारियों का निरीक्षण

# कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा पहुंचे खरसिया एवं धरमजयगढ़

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के द्वितीय चरण में रायगढ़ जिले के विधानसभा खरसिया, धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा आयेंगे। मुख्यमंत्री बघेल के इन विधानसभाओं में प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेने आज कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा खरसिया एवं धरमजयगढ़ निरीक्षण में पहुंचे।



सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत भी इस दौरान उपस्थित रहे। यहां कलेक्टर साहू ने प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर साहू निरीक्षण के दौरान आज दोपहर सर्वप्रथम नंदेली हेलीपैड पहुंची एवं चपले सभा स्थल का भी मुआयना किया। उन्होंने हेलीपेड एवं भेंट-मुलाकात सभा स्थल, मंच की तैयारियों के संबंध में निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम के रूट-चार्ट के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही कलेक्टर साहू जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम के साथ छाल एवं धरमजयगढ़ पहुंची और वहां भी उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल के हेलीपैड में आगमन के लिए चिन्हांकित जगह एवं भेंट-मुलाकात स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही वहां उन्होंने प्रस्तावित मूर्ति अनावरण स्थल को भी देखा। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े अन्य बिन्दुओं के आधार पर तैयारियां करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ट्रेफिक तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम धरमजयगढ़ राजीव पाण्डेय, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, डीईओ आर.पी.आदित्य, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, प्रभारी उप संचालक कृषि हरिश राठौर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेम नारायण मौर्य ने प्रदेश स्तर पर रायगढ़ का बढ़ाया मान

## नेशनल कोआपरेटिव यूनियन ऑफइंडिया नई दिल्ली हेतु प्रतिनिधि के रूप में हुए निर्वाचित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ सहकारी बैंक फेडरेशन,रायपुर की प्रदेश कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन हुआ। इसमें रायगढ़ के नागरिक सहकारी बैंक,मर्यादित के डायरेक्टर ए अधिवक्ता और एक लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक प्रेम नारायण मौर्य का राष्ट्रीय स्तर पर राज्य प्रतिनिधि के पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अब मौर्य नेशनल कॉपरेटिव यूनियन ऑफइंडिया नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस निर्वाचन के पूर्व मौर्य छत्तीसगढ़ सहकारी बैंक फेडरेशन के प्रदेश संचालक के रूप में भी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। रिटर्निंग ऑफि सर कोसरिया ने चुनाव स्थल लक्ष्मी महिला सहकारी बैंक,मर्यादित रायपुर में इस आशय की घोषणा अपराह्न में की। गौरतलब है कि रायगढ़ जिले में नागरिक सहकारी बैंक, मर्यादित की स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद पह ली बार रायगढ़ जिले से प्रदेश स्तर पर संचालक के रूप में विगत 2 सितंबर को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए थे। युवा सौम्य और मधुरभाषी मौर्य के व्यक्तित्व और नॉलेज से प्रभावित प्रदेश संचालक मंडल ने उन्हें राज्य प्रतिनिधि के रूप में सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित कर एक महती जिम्मेदारी सौंपी है। अब मौर्य के कंधों पर राज्य के सहकारी समितियों फेडरेशन के हितों को राष्ट्रीय स्तर पर उचित फोरम में उठाने और उन्हें जमीनी तौर पर लागू कराने का गुरूतर दायित्व है। जाहिर है कि इस कार्य में मौर्य की अधिवक्ता की पृष्ठभूमि कारगर साबित होगी। मौर्य को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाने पर रायगढ़ नागरिक बैंक के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित संचालक मंडल और बैंक प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है और बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की है। अग्रवाल ने प्रेम नारायण मौर्य के निर्वाचन पर संतोष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अपने निर्वाचन पर प्रेम नारायण मौर्य ने कहा कि मैं इस गुरूतर दायित्व का अपनी पूर्ण क्षमता से निर्वहन करूंगा और मुझ पर जो विश्वास जताया गया है उसकी पूरी तन्मयता से रक्षा करूंगा।





# फर्जीवाड़ा कर दलाल बेच रहे जमीन रोक लगाने सरपंच ने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छाल तहसील अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में स्थित शासकीय बंजर भूमि को गांव के आदिवासी कृषकों के पूर्वजों द्वारा अपना खून पसीना बहाकर खेती योग्य बनाया है। जिसपर वे पिछले दो पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं।




विगत वर्षों में तत्कालीन तहसीलदार धरमजयगढ़ द्वारा अन्य लोगों को जिसमें अधिकांश अन्य गांव के निवासी हैं उन्हें बरबसपुर का निवासी बताकर उक्त भूमि का पट्टा प्रदान कर दिया गया। जिनको पट्टा दिया गया है उनका उस भूमि पर कब्जा ही नहीं है। लेकिन अब उन पट्टेधारियों द्वारा बेधड़क उस भूमि का विक्रय किया जा रहा है। विक्री कराने में दलाल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि आबंटित पट्टा भूमि विक्रय हेतु कलेक्टर से अनुमति लेना होता है। लेकिन यहां इस नियम को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। बरबसपुर सरपंच ने बताया कि शनिराम, असिराम, चमराराम, झाडूराम, सखाराम, फि रसिंह, आनंदराम, मंगतूराम, सुखराम, बुधराम, धिरसाय, गांडा राय सहित अन्य कुछ पट्टेदारों द्वारा कलेक्टर के बिना अनुमति मेसर्स एस के एस इस्पात एंड पावर लिमिटेड के पास वर्ष 2008-10 में विक्रय कर दिया गया। जिसके नामांतरण पर रोक लगा हुआ है। जिसमें दलालों द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए रजिस्ट्री तिथि 7 मार्च 2008 के पूर्व विक्रेता झाडूराम की मौत हो चुका है। लेकिन ऋण पुस्तिका में फ ोटो बदलकर दूसरे आदमी को उपस्थित कर रजिस्ट्री कराया गया है। जिसपर शिकायत के बाद जांच लंबित है। वर्ष 2013 से आबंटित पट्टा भूमि का विक्रय हेतु नकल जारी नहीं होता था। लेकिन पिछले कुछ माह से बिक्री नकल फिर से जारी होने लगा है। जिससे फर्जी पट्टेदार एवं दलालों की किस्मत फिर से खुल गई है। वहीं धड़ल्ले से बिक्री शुरू हो गई। सरपंच बरबसपुर ने बताया कि शनिराम द्वारा 2 जून 2010ए सखाराम द्वारा 7 मार्च 2008, सुखराम बुधराम द्वारा 30 अप्रैल 2010 को मेसर्स एस के एस इस्पात एंड पावर लिमिटेड के पास पंजीकृत बैनामा विक्रय पत्र द्वारा भूमि का विक्रय किया गया था। पुन: उसी भूमि को शनिराम द्वारा जगन्नाथ साहू घनश्याम साहू निवासी बिजारी के पास 28 मार्च 2022 को एवं सखाराम का पुत्र नरेश द्वारा पुसमती चौहान निवासी इतवारी बाजार रायगढ़ के पास 14 जनवरी 2022 एवं सुखराम बुधराम द्वारा अन्य किसी के पास विक्रय किया गया है। सरपंच जग्या सिंह राठिया पूर्व सरपंच टीकाराम राठिया, संजय सिंह, जागृत, बृजभान, सुलेशन, गरुनसिंह, कपालेश्वर द्वारा कलेक्टर से कि एक ही भूमि की दो बार बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने, बरबसपुर में आबंटित पट्टा भूमि की खरीद फरोख्त पर रोक लगाने एवं विक्रय किये गए भूमि का पट्टा निरस्त करते हुए काबिज लोगों को पट्टा प्रदान करने की मांग की जा रही है।

## एक नजर

एनएच मुआवजा वितरण शिविर

### कलेक्टर बगबुड़ा में आयोजित शिविर में हुए शामिल

कलेक्टर की समझाईश पर पांच प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा एनएच अंतर्गत मुआवजा वितरण के लिए आज बगबुड़ा में आयोजित शिविर में शामिल हुए। उन्होने शिविर में आये प्रभावित किसानों से एक-एक करके पूरे प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही प्रकरण में मुआवजा वितरण के लिए आ रही समस्याओं को सुलझाने के लिए जरूरी सलाह भी दिये। कलेक्टर ने फौती, बंटवारा के लिए लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकृत कर मुआवजा वितरण में आवश्यक सहयोग करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर झा ने भूमि अधिग्रहण के शत् प्रतिशत मामलों में संबंधित हितग्राहियों को मुआवजा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने प्रभावित किसानों को फौत, बंटवारा एवं जमीन से संबंधित अन्य समस्याओं को सुलझाकर जमीन के मुआवजा लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए कहा। कलेक्टर की समझाईश और सलाह के पश्चात् पांच किसानों ने मौके पर ही जमीन का मुआवजा लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार के समक्ष जमा किये। दस्तावेज जमा होने के पश्चात मुआवजा राशि जल्द ही हितग्राहियों के बैंक खाते में जमा की जाएगी। शेष प्रकरणों को जल्द ही खाता विभाजन, बंटवारा आदि से संबंधित समस्याओं को सुलझा कर निराकृत किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, तहसीलदार मती तारा सिदार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### भगवान शिव महापुराण कथा का अंतिम दिवस,द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वाचन होगा

**दुर्ग** । कला मंदिर गणेश उत्सव रजत जयंती के अवसर पर धर्मनगरी दुर्ग में भगवान शिव महापुराण कथा निरंतर प्रतिदिन संपन्न हो रही है। कथावाचक गुरुजी श्रीकांत शर्मा बाल व्यास कलकत्ता की अमृतवाणी का सदानंद ले रहा है। शिव महापुराण कथा में शुक्रवार को शिवचरित्र एवं गणेश कथा का वाचन हुआ जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उसके पहले सुबह गणेश पंडाल में गणेश जी का हवन पूजन कार्यक्रम पंडित राजेश त्रिपाठी द्वारा संपन्न हुआ। शिव महापुराण कथा में शनिवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वाचन होगा कथा का यह अंतिम दिवस है। रविवार को सुबह 8:30 बजे सामूहिक महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम कथा पंडाल में होगा। जिसमें जिस किसी भी सज्जन को जो भी उपहार या बेल पत्री दूध दही जल जिस किसी भी द्रव्य के द्वारा महा रुद्राभिषेक में सम्मिलित होना हो तो ले आए वह लेकर आएंगे। संजय बोहरा ने बताया कि शनिवार कथा के पश्चात गणपति का विसर्जन की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने अपील की गई है। कला मंदिर प्रमुख विजय जैन ने कहा कि कल 11 सितम्बर रविवार को महा रुद्राभिषेक के पश्चात गणेश जी के खजाने का वितरण होगा एवं महा प्रसादी महाभंडारा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने कला मंदिर परिवार ने निवेदन किया है।

### जनता की सेहत का ख्याल गार्डन का लोकार्पण कर विधायक व महापौर ने किया नागरिको को समर्पित

**दुर्ग** । नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर वार्ड 21 में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने हनुमान नगर नेता सुभाष चंद बोस उद्यान का लोकार्पण किया। वार्ड 21 काली मंदिर के पास नेता सुभाष चंद बोस उद्यान महापौर निधि 6 लाख व पार्षद निधि 4 लाख कुल 10 की लागत से पार्क निर्माण निगम ने कराया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, जयश्री जोशी, मनदीप सिंह भाटिया, वार्ड पार्षद अरुण सिंह, संदीप वोरा, श्रीमती नीलू ठाकुर, कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, प्रभारी कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा सहित आदि मौजूद थे। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने नेता सुभाष चंद बोस उद्यान का उद्घाटन कर वार्ड की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर नागरिको ने विधायक,महापौर व पार्षद का आभार व्यक्त किया। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नागरिको के लिए उद्यान वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यस्तता भरे दैनिक जीवन में पार्क में नागरिकों को मॉर्निंगवॉक की भी सुविधा मिल सकेगी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अपने शरीर का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ पार्क में लोगो को व्यायाम भी जरूरी है।

# बिहान कैडर के दीदियों ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक की

मुख्यमंत्री को सौपेंगे मांगपत्र

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना पूरे प्रदेश में संचालित है। इस योजना में महिलाओं को समूह में जोड़, आत्मनिर्भर बनाना मुख्य उद्देश्य है। जिसके लिए गांव से लेकर जिला स्तर तक कैडर बनाया गया है। जिसमें पीआरपी, एफ एलसी आरपी, आरबीके, बैंक मित्र एवं सक्रिय महिलाए कार्य करती है। बिहान योजना को अंतिम छोर तक पहुंचाने में सक्रिय महिला मुख्य भूमिका निभाती है। लेकिन उनका मासिक मानदेय 15 सौ रुपये है। काम ज्यादा और मानदेय कम होने से परेशानी हो रही है। इसलिए आगामी दिनों में मुख्यमंत्री के धरमजयगढ़ आगमन पर कैडर द्वारा मांगपत्र सौंपी जाएगी।

जिसमें सक्रिय महिलाओं का प्रतिदिन 2 सौ रुपये करने, अन्य योजनाओं में कार्य कराने पर अतिरिक्त भत्ता, कैडर की नियमतिकरण एवं जनपद से आईडी बनाने जैसी मुख्य मांग रखी गई है। आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में बिहान की दीदियों ने बैठक कर यह निर्णय लिया है। जिसमें विकासखंड धरमजयगढ़ के चारो क्लस्टर से सक्रिय महिलाए आरबीकेए बैंक मित्र उपस्थित रहे।

# घर घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रात्रि में घर घुसकर पड़ोस की नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रात को सहेली के साथ अपने कमरे में सो रही नाबालिग से पड़ोस के ही युवक ने छेड़छाड़ किया है। मामला धरमजयगढ़ थाना के रैरुमा चौकी अंतर्गत ग्राम ससकोबा की है। जहां नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घटना 5 सितंबर रात की हैए जहां परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए। वहीं उसकी 15 वर्षीय लड़की अपने सहेली के साथ दूसरे कमरे में सो गई। रात्रि 12 बजे के आसपास उसकी लड़की जोर जोर से चिल्लाने लगी। तब उसके कमरे में जाकर देखा तो दोनों सहेली रो रहे थे। पूछताछ करने पर लड़की ने बताया कि उसके पड़ोसी धनेश चौहान पिता रामसिंह उम्र 38 वर्ष दरवाजा खोलकर कमरे में घुसा और लड़की के बिस्तर में सो गया। वहीं गलत तरीके से शरीर को छूते हुए छेड़छाड़ करने लगा। वहीं कपड़े को भी उतारने का प्रयास कर रहा था। जब लड़की चिल्लाने लगी तो धनेश चौहान वहां से भाग गया। जिसके बाद लड़की के परिजनों ने घटना की जानकारी थाने में दी। जिसपर आरोपी के खिलाफ थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक 177/2022 धारा 457, 354 भादवि 8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई। जिसके बाद थाना प्रभारी नन्दलाल पैंकरा निर्देश पर आरोपी की खोजबीन शुरू की गई और 48 घण्टे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

# 19 किलो गांजा के साथ 2 महिला तस्कर गिरफ्तार

**सुकमा** । जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना तोंगपाल पुलिस ने नेशनल हाइवे में तोंगपाल से आगे गुटेर नाला, नींबू ढाबा के पास दो संदिग्ध महिलाएं, प्रीति राठौर, पति सुरेश राठौर, 37 वर्ष, जाति कुर्मी, निवास नमलाशर्की, तहसील थाना जिला बदायू, उत्तर प्रदेश एवं काजल बाला पति संजय बाला, 28 वर्ष, जाति नमोशूद्र, निवासी कामबरा 49, थाना ओर्केल, जिला मलकानगिरी(ओड़िसा) के कब्जे से 04 पैकेट में कुल 19 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।

बरामद गांजा की अनुमानित बाजार मूल्य 01 लाख 90 हजार रूपये आंकी गई है। गिरफ्तार दोनों महिला गांजा तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दोनों ही महिला आरोपियों को जेल दाखिल किया गया, कार्यवाही में सउनि गयानाथ पटेल, प्रआर. आसमान मांझी, आर. चामसिंह सिन्हा, उदय कृपाल, महिलाआर. सुन्नम नागी, बसंती नाग, हीरावती बघेल का योगदान रहा।

तोंगपाल थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि गांजा तस्करों के विरूद्ध सुकमा पुलिस का अभियान सतत जारी रहेगा, आरोपियों से पूछताछ में कुछ जिले व बार्डर क्षेत्र के लोगों के नाम आये हैं, जिस पर पुलिस कार्यवाही कर रही है।

# मुख्यमंत्री का धरमजयगढ़ आगमन

तैयारी का जायजा लेने अधिकारियों के साथ पहुंची कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी 14 सितंबर को मुख्यमंत्री के धरमजयगढ़ आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर रानू साहू जिले के प्रमुख अधिकारियों के साथ धरमजयगढ़ पहुंची।



कलेक्टर सबसे पहले बन रहे हेलीपैड पहुंचकर स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद वन विभाग विश्राम गृह का अधिकारियों के भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा ने अलग से घूम घूम कर विश्राम गृह का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री आगमन पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर निर्देशित किया। बता दें कि 14 सितंबर को ग्राम बोकरामुड़ा वृंदावन छाल में स्वर्गीय चनेशराम राठिया पूर्व मंत्री अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हो रहा। प्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं रात्रि विश्राम धरमजयगढ़ में करेंगे। जहां जनप्रतिनिधियोंए समाज प्रमुखों से भेंट एवं पत्रकार वार्ता करेंगे।

# जमीन बटवारा की विवाद पर अपने पिता के मकान में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्रार्थी सीताराम केंवट निवासी परसदा(लखराम) थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका छोटा लड़का ईतवारी केवंट अपने परिवार सहित गंज वार्ड भाटापारा (बलौदा बाजार) में किराये के मकान में रहता है प्रार्थीअपने घर में अपनी पत्नि व पत्नि पुत्री के साथ रहता है इसका छोटा लडका ईतवारी केवंट पूर्व में जमीन घर बटवारा के विवाद पर कई बार वाद विवाद झगडा कर चुका है। 8 सितंबर 2022 को भाटापारा (बलौदा बाजार) से 3-04 बजे यहां परसदा अकेले शराब के नशे में आया जो घर आते ही वाद विवाद पर उतारू हो गया था जो दूसरे दिन दोपहर 2 बजे मेरी लडकी आकर मुझे बतायी कि ईतवारी केवंट किचन में माचिस से आग लगा दिया है घर जल रहा है तब प्रार्थी ।हरवंश, नंद कुमार, कृष्ण कुमार के साथ अपने घर गया तो देखा कि मकान के पीछे घर में आग जल रहा था घर में रखे पहनने बिछाने के कपडे खाट गद्दा, चार बोरा धान तथा छत में लगा लकड़ी जल कर राख हो गया है। जिससे काफी नुकसान हुआ है कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी ईतवारी केंवट को ग्राम परसदा में आरोपी के घर में घेराबंदी कर आरोपी ईतवारी केंवट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।गिरफ्तार आरोपी - ईतवारी केवंट पिता सीताराम केवंट उम्र 30 वर्ष साकिन परसदा (लखराम) थाना रतनपुर हाल मु. नयागंज वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा जिला बलौदा बाजार छ.ग.।

# महिला आरक्षक के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले गये 4 लाख रूपये

**सुकमा** । एसबीआई की सुकमा ब्रांच के बैंक प्रबंधन की लापरवाही से बस्तर बटालियन में पदस्थ महिला आरक्षक पोड़ियाम रामो के खाते से बीते 08 महीने से दूसरी महिला पैसे आहरण कर रही थी। पीड़ित महिला आरक्षक ने इसकी शिकायत बैंक से की है। महिला के अनुसार अब तक उसके खाते से करीब 04 लाख से भी ज्यादा की राशि निकाली गई है। बैंक महिला आरक्षक पोड़ियाम रामो को इसकी भरपाई करने के लिए तैयार हो गया है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं करने की शर्त रखी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर बटालियन की महिला आरक्षक पोड़ियाम रामो की पोस्टिंग कामानार सीआरपीएफ कैंप में है, और उसका बैंक खाता सुकमा के एसबीआई ब्रांच में है। मोबाइल सीम ब्लॉक होने की वजह से बैंक से मेसेज नहीं आ रहा था।

# घोंघा जलाशय में गणेश विसर्जन करने गए 11 वर्षीय बालक की डूबने से हुई मौत

कोटा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम की मदद से निकाला गया शव

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

*कोटा के घोंघा जलाशय (कोरी डेम) में गणेश विसर्जन करने गए 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद कोटा पुलिस एसडीआरएफ की टीम व 112 मौके पर पहुँची जिसके बाद पुलिस के जवान व एसडीआरएफ की टीम डेम के अंदर बच्चे की खोजबीन शुरू की एक घण्टे बाद 11 वर्षीय बालक का शव विसर्जन करने लाये गए गणेश मूर्ति के पास मिला। कोटा पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भिजवा दिया है।*



मिली जानकारी के अनुसार कोटा नगर के पड़ाव पारा से गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन करने युवाओं के साथ साथ छोटे छोटे बच्चें कोटा के घोंघा जलाशय (कोरी डेम) आये हुए थे विसर्जन के दौरान आयुष सिंह तंवर पिता जयलाल सिंह तंवर उम्र 11 वर्ष निवासी पड़ाव पारा कोटा भी डेम के अंदर चला गया विसर्जन करने के बाद सभी लोग नहाने लगे इसी दौरान मृतक आयुष की बहन अपने भाई के डूबने की जानकारी बाकी लोगों को दी जिसके बाद सभी उसे खोजने लगे साथ ही कोटा पुलिस व डायल 112 को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही कोटा पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुँची। गणेश विसर्जन के दौरान कोई अनहोनी ना हो इसके लिए 2 से 3 तीनों से स्छत्रक्र की टीम कोरी डेम में ड्यूटी कर रही है। सूचना मिलते ही स्छत्रक्र व कोटा पुलिस शव को खोजने लगे। घटाना के एक घण्टे बाद मिला शव। पुलिस ने बतलाया कि गणेशजी की मूर्ति के पास ही आयुष का शव मिला है। कोटा पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में फ्रीजर में रखा है। रात हो जाने वजह से पोस्टमार्टम नही हो पाया है। 11 सितंबर को आयुष का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in